आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्थापना का अमृत महोत्सव 1948-2023 75 हंसराज कॉलेज, दिल्ली

हंसराज कॉलेज
– दिल्ली विश्वविद्यालय –

हंस

वार्षिक पत्रिका
2023

G20 भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

स्थापना का अमृत महोत्सव
1948-2023
75
हंसराज कॉलेज, दिल्ली
हंसराज कॉलेज
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

ओइम्! विश्वानि देव सवितुर्दुरितानी परासुव।
यद्भद्रं तन्न आ सुव।।

हे सकल जगत् के उत्पत्तिकर्ता,
समग्र ऐश्वर्ययुक्त, शुद्धस्वरूप,
सब सुखों के दाता, परमेश्वर!
आप कृपा करके हमारे सम्पूर्ण दुर्गुण,
दुर्व्यसन और दुखों को दूर कर दीजिए,
जो कल्याणकारक गुण,कर्म,
स्वभाव और पदार्थ हैं,
वे सब हमको प्राप्त कराइये।

स्वामी दयानन्द सरस्वती

(1824–1883)



महात्मा हंसराज

(1864–1938)

प्रो. (डॉ.) रमा
प्राचार्या, हंसराज कॉलेज

हंसराज कॉलेज की गरिमामयी यात्रा के 75 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। स्थापना के अमृत वर्ष में कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'हंस' के यह नया अंक आपके सामने प्रस्तुत है। हंसराज कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'हंस' एक बहुभाषी पत्रिका है। हिंदी, अंग्रेज़ी और संस्कृत भाषाओं की रचनाएँ इसमें प्रकाशित की जाती हैं। साहित्य की विविध विधाओं कविता, कहानी, निबंध समीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से हंसराज कॉलेज परिवार के सदस्यों की रचनात्मकता को प्रकाशित कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को सामने लाने की दृष्टि से यह बेहद महत्त्वपूर्ण है। हंसराज कॉलेज की अब तक की यात्रा में 'हंस' निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यह कॉलेज के युवा विद्यार्थियों के साथ ही रचनात्मक लेखन में रूचि रखने वाले प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए भी एक बड़ा मंच है। इसमें छात्र और प्राध्यापक दोनों की रचनात्मकता एक साथ उद्घाटित होती है। इसके माध्यम से लेखन के क्षेत्र में नए लोगों को एक बेहतरीन मंच तो मिलता ही है साथ ही निरंतर लेखन की प्रेरणा और प्रोत्साहन भी मिलता है। विद्यार्थी जीवन में कॉलेज की पत्रिका में अपनी रचनाओं के प्रकाशन से जो विशेष आनंद प्राप्त होता है उसकी अनुभूति प्रायः हम सबको है।

हंसराज कॉलेज की पत्रिका में प्रकाशित होने वाले विद्यार्थियों में से कई लोग आगे चलकर साहित्य, सिनेमा, मीडिया, कला आदि क्षेत्रों में अपना विशिष्ट मुकाम हासिल करते रहे हैं। ये सभी आज अलग-अलग क्षेत्रों में जिस तरह सफलता की चोटी पर खड़े हैं उसमें हंसराज कॉलेज और 'हंस' पत्रिका में उनकी रचनात्मकता के प्रकाशन का विशेष योगदान है। इस वर्ष अपने परम्परागत स्वरुप और नए भावबोध एवं विशिष्ट रचनाओं के संग 'हंस' आपके सामने है। इस अंक की अनेक महत्त्वपूर्ण रचनाएं शामिल की गई हैं। इसके साथ ही अनेक पेंटिंग आदि का भी सुंदर संयोजन किया गया है। इस अंक में प्रकाशित होने वाले विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। मुझे उम्मीद है कि आगामी वर्षों में ये सभी अपने लेखन से समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने में समर्थ होंगे। इस वर्ष के 'हंस' के संपादक मंडल को भी मैं हृदय से बधाई देती हूँ और सभी रचनाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

डॉ. विजय कुमार मिश्र
संयोजक, प्रकाशन समिति

हंसराज कॉलेज की सुदीर्घ और गौरवशाली यात्रा में हमारी वार्षिक पत्रिका 'हंस' का विशिष्ट स्थान है। इसके माध्यम से देश-दुनिया के सम्बन्ध में हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अनुभव, दृष्टिकोण और संवेदनाएँ विविध साहित्यिक विधाओं के माध्यम से प्रकाशित होती रही हैं। उनकी भावनाओं, विचारों, रचनात्मकता आदि के प्रकटीकरण का एक बेहद शानदार मंच है 'हंस'। इसके माध्यम से समय-समय पर विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए चित्र आदि के माध्यम से भी उनके भाव को विस्तार मिला है। कक्षाओं की औपचारिक शिक्षा प्रणाली और नियमित पाठ्यक्रम के मध्य इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण सिद्ध होते हैं।

संपादक मंडल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को कविता, कहानी, लेख, समीक्षा, चित्र, फ़ोटोग्राफ आदि के माध्यम से 'हंस' के इस अंक में आपके समक्ष प्रस्तुत किया है। इसमें प्रकशित हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत तीनों भाषाओं की रचनाएं हंसराज कॉलेज के विद्यार्थियों की भाषाई और रचनात्मक विविधता का द्योतक है। रचनाएं आमंत्रित करने से लेकर, उनके चयन, प्रूफ और संपादन आदि की दृष्टि से संपादक मंडल के सदस्यों ने जो श्रमसाध्य कार्य किया है, वह अभिनंदनीय है। 'हंस' का प्रकाशन हमारे संपादक मंडल के सदस्यों के साथ ही प्रशासनिक कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। ऐसे सभी लोगों का ह्दय की गहराईयों से आभार।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने हमेशा की तरह इस बार भी समुचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से इस अंक को अंतिम रूप देने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके लिए प्राचार्या महोदया का विशेष धन्यवाद।

आशा है 'हंस' का यह अंक आप लोगों को पसंद आएगा और आपकी रचनात्मक संतुष्टि की दृष्टि से भी यह बेहद उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रकाशन समिति

– संयोजक –

डॉ. विजय कुमार मिश्र

– सदस्य –

डॉ. सुशील कुमार

डॉ. प्राची देवरी

डॉ. संतोषी बी. मिश्रा

सुश्री आरती गोयल

डॉ. उपलब्धि सांगवान



इशिका
हिंदी (विशेष), तृतीय वर्ष

हिंदी खंड

संपादक

प्रो. राजमोहिनी सागर

छात्र- संपादक

जय प्रकाश
दिवेश चंद्र

विषयानुक्रमणिका

1. ग़ज़ल / डॉ.फ़रहत जहाँ "फरहत" ---- 10
2. ये प्यारा देश है लोगो / मोहम्मद अहमद बेग ---- 10
3. चार के बाद तीन कहना / आयुष आवर्त ---- 11
4. राजनीति / दिवेश चंद्र ---- 11
5. प्रेम / दिवेश चंद्र ---- 11
6. पतंग मांझा / अमन निर्मल ---- 12
7. असमंजस / अमन निर्मल ---- 12
8. हम दोनों के बीच / गौरव सिंह राठौर ---- 13
9. लंपी / गौरव सिंह राठौर ---- 13
10. तुम चींटी हो / शुभम मणि त्रिपाठी ---- 13
11. नारी का कर्त्तव्य / हिमांशु दुबे ---- 14
12. अवस्था परिवर्तन / अखिल यादव ---- 14
13. राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय भाषाएँ / नितेश कुमार पांडेय ---- 15
14. आज मेरे शहर में चुनाव है / यश ध्वज ---- 18
15. ज़िन्दगी / बलजीत सिंह सलूजा ---- 18
16. अनकही मोहब्बत / गौरव सिंह राठौर ---- 19
17. अमृत महोत्सव / हेमलता ---- 19
18. हालातों से मजबूर बाल मजदूर / अतुल कुमार श्रीवास्तव ---- 20
19. जीवन में बदलाव का स्वागत ख़ुशी से करें / गुंजन पारीक ---- 20
20. नियति / अतुल कुमार श्रीवास्तव ---- 21
21. महिमा की राहें मृत्यु तक जाती हैं / सचिन यादव ---- 23
22. मैं आपकी होना चाहती हूँ / अलका ---- 24
23. नयन निशा को भूल गई हैं / विजय भारती ---- 24
24. महाभोज उपन्यास : समकालीन राजनीति का जीवंत दस्तावेज / सोनू कुमार ---- 25
25. घर / अलका ---- 26
26. भू-विज्ञान : एक खोज / आदित्य कुशवाहा ---- 26
27. क्या करें यार माँ तो माँ होती हैं / वरुण ---- 27
28. ऐसा मानुष / जय प्रकाश ---- 27
29. अब वो बचपन कहाँ रहा / जय प्रकाश ---- 28
30. खुदीराम बोस / अंकित सिद्धांत ---- 28
31. स्त्री के हक में कबीर : पुस्तक समीक्षा / नितेश कुमार पाण्डेय ---- 29

ग़ज़ल

डॉ. फ़रहत जहां 'फ़रहत'
सहायक प्रोफ़ेसर, प्राणीविज्ञान विभाग

(1)

ज़रूरी तो नहीं पत्थर उठाओ तोड़ने को तुम
महज लहजा बदलने से बहुत कुछ टूट जाता है।

मनाने का हुनर आता मुझको, जानता है वो
मैं करूँ प्यार की बातें वो फिर भी रूठ जाता है।

एक मुद्दत हुई बिछड़े हुए, मगर लोगों से सुनती हूँ
वो मेरी याद में अब भी बहुत आँसू बहाता है।

डर-ए-रुसवाई है उसको, निकल जाता है चुपके से
पर मेरे ख़्वाबों में वो मुसलसल गश्त लगाता है।

चले आओ के अब ये साँसें भी रुकने को बैठीं हैं
क्या है नाराज़गी क्यू इस तरह मुझको सताता है।

ज़रूरी तो नहीं पत्थर उठाओ तोड़ने को तुम
महज लहजा बदलने से बहुत कुछ टूट जाता है।

(2)

एक मुद्दत से तू लड़ा ही नहीं,
इश्क़ में इश्क़ का मज़ा ही नहीं।

तेरी नाराज़गी लड़ना झगड़ना,
मैंने तो दिल में कुछ रखा ही नहीं।

मुसलसल तेरी ख़ुशबू आ रही है,
तेरी यादों का सिलसिला तो नहीं।

मुझसे नाराज़ है यादें तेरी,
ये मेरे दिल की कुछ सज़ा तो नहीं।

एक तुझे दे दिया ख़ुदा ने जब से,
अब उसके बाद कुछ दुआ ही नहीं।

एक मुद्दत से तू लड़ा ही नहीं,
इश्क़ में इश्क़ का मज़ा ही नहीं।

ये प्यारा देश है लोगों

मोहम्मद अहमद बेग
बी.ए. हिन्दी विशेष, द्वितीय वर्ष

हमारा हिंद हमारी जान, इसका माने हम फरमान,
यही है अपना तो ऐलान लुटा दें देश पे अपनी जान,
इसी में हम सबकी है शान नाम है इसका हिन्दुस्तान,
ये प्यारा देश है लोगों, हमारा देश है लोगों।

बोलें उर्दू अंग्रेजी भी हिंदी और पंजाबी हम
गुजराती बंगाली तेलगु बोले तमिल मराठी हम,
मगर ये सबकी एक जुबान
ये प्यारा देश है लोगों, हमारा देश है लोगों।

हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई हम सब भाई भाई हैं,
एक हैं हम सब एक है मिट्टी एक के हम शैदाई हैं,
इसी पर हम सब हैं कुर्बान नाम है इसका हिन्दुस्तान,
ये प्यारा देश है लोगों, हमारा देश है लोगों।

कहे कबीर ने दोहे इसमें लिखा ग़ालिब ने दीवान,
सारी दुनिया प्यार हमारा देख देख कर है हैरान।
मोहब्बत बंटती है हर आन नाम है इसका हिन्दुस्तान,
ये प्यारा देश है लोगों, हमारा देश है लोगों।

गीता बाइबिल वेद पढ़ें हम दिल से पाक पढ़ें कुरान,
यहां आरती मंदिर में हो और मस्जिद में हो अज़ान,
है अहमद अपनी ये पहचान नाम है इसका हिन्दुस्तान,
ये प्यारा देश है लोगों, हमारा देश है लोगों।

चार के बाद तीन कहना था

आयुष आवर्त
बी.ए. हिन्दी विशेष, द्वितीय वर्ष

चार के बाद तीन कहना था
और फिर कर यक़ीन कहना था

कहा हमने अना परस्त उसे
जिस जगह नाज़नीन कहना था

अपने आप उसने रक्खे होंठ पे होंठ
हमने तो तब जबीन कहना था

अब समझ आया एक ज़रिया थी
ज़िंदगी को मुईन कहना था

उसी महफ़िल में एक को नादान
दूसरे को हसीन कहना था

टूट जाता तिलिस्म सहरा का
पानी को बस ज़मीन कहना था

सामने आता सब मगस का सच
लाओ इक ख़ुर्द-बीन कहना था

वो था यार एक अहमकों का दयार
हर किसी को ज़हीन कहना था

दोस्त को मतलबी कहा तुमने
दोस्त को दिल नशीन कहना था।

राजनीति

दिवेश चन्द्र
बी.ए.हिन्दी विशेष, द्वितीय वर्ष

अपराधी,घोटाले बाज सीना ठोक संसद में जाते हैं।
देख जिसे गांधी, बिस्मिल,जफर बहुत पछताते हैं।।

भगत सोचते क्या इसके लिए मैं फांसी पर लटका था?
आजाद सोचते क्या इसके लिए मैं दर-दर भटका था?

रानी लक्ष्मीबाई को अपना व्यर्थ बलिदान दिखाई देता है।
जब पतित पति की रक्षा में पत्नी परिधान दिखाई देता है।।

मांगें गए खूनों का कहा सम्मान दिखाई देता है ?
हिंद फौज वाला कहा हिन्दुस्तान दिखाई देता है?

काले पानी की दिवारों का दिल तो रोता होगा।
सावरकर जैसे वीरों को वो कितना खोता होगा।।

दरबारो में, अखबारों में, बाजारों में जनता को मारा जाता है।
लंदन में विजयी ऊधम, अपने ही भारत में हारा जाता है।।

जेल के कैदियों ने लोकतंत्र को कैद कर रखा है।
तंत्र तोड़ने वालो ने ही कानून को मुस्तैद कर रखा है।।

हमने जाहिलो को ज्यादा ही आजादी दे रखी है।
हर हथियारें को हमने एक-एक खादी दे रखी है।

प्रेम

जौहर की गाथा प्रेम की अमिट निशानी है।
शंकर के त्रिशूल में रहती जगत भवानी है।।

तलवारों पर रक्त रिपु का, धमनियों में प्रवाह भरता है।
जब प्रेम की धरा पर कोई खिलजी आक्रमण करता है।

वन से ऊंचे महलों पर बाण चलाया जाता है।
त्रिलोक विजेता को निष्प्राण सुलाया जाता है।।

प्रेम में रास नहीं, इतिहास रचा है हमने।
भाई को गले लगाकर श्वास रचा है हमने।।

प्रेम नहीं है बंगला, गाड़ी, महंगी साड़ी, महल अटारी।
प्रेम है प्रताप का, मिली अकबर को जिसमें हार करारी।।

पतंग मांझा

अमन निर्मल
बी.ए. प्रोग्राम, प्रथम वर्ष

तुम कागज़ की पतंग
मैं मांझा तुम्हारा
तुम पतंग का रंग
मैं तिरछा किनारा

तुम ताजमहल
मैं संगमरमर तुम्हारा
तुम कीचड़ का कमल
मैं व्यंग तुम्हारा
तुम रात की ठंड
मैं कंबल तुम्हारा
तुम अधूरा सफर
मैं मुकम्मल तुम्हारा
तुम कुदरती कहर
मैं अमन तुम्हारा
तुम सुगंधित पुष्प
मैं चमन तुम्हारा
तुम अहंकार मेरा
मैं नमन तुम्हारा
तुम टिमटिमाते तारे
मैं आसमान तुम्हारा
तुम जीवन मेरा
मैं मरन तुम्हारा

तुम कागज़ की पतंग
मैं मांझा तुम्हारा
तुम समुद्र की लहर
मैं साहिल तुम्हारा..।

असमंजस

स्थितियों का खेल
अस्थायी, शाश्वत
जैसे चलती रेल
आज हर्ष
कल विषाद
क्या चुनूँ
क्या गुनूँ
विकल्प अनेक

सीधे-टेढ़े
ऊँचे-नीचे
पाप-पुण्य
सत्य-असत्य
अँधेरा-उजाला
अशांत-अमन
कुछ बुरे, कुछ नेक

राह मेरी
अस्त-व्यस्त
छिन्न-भिन्न
बधाएँ उच्च-निम्न
काला-सफेद
धर्म-भेद
शब्दों को आँकू
या सुंदर लेख
विस्मयकारी विचार अनेक

विध्वंसक असमंजसपूर्ण
चुनी राह
शांत या हिंसक
मंजिल है या सिर्फ सीढ़ियाँ
पगों में बेड़ियाँ
हृदय चिंताओं से भरा
जैसे ठंड सवेरे का कोहरा
झिलमिल-सा जग दिखे
न कोई मंजिल
न कोई राह
असमंजस अथाह!

हम दोनों के बीच

गौरव सिंह राठौड़
बी.ए. इतिहास विशेष, प्रथम वर्ष

हम दोनो चल रहे हो एक ऐसी राह पर
जहां हो एक ऐसी सुनसान सड़क जंगलो के बीच

हम दोनो बैठे हो जहां
हो ठंडे पानी की दरिया की आहट पहाड़ों के बीच

हम दोनो देख रहे हो जहां
हो सूरज की लालिमा आसमान में बादलों के बीच

और हम आंखे मूंदे सुन रहे हो जहां
हो भंवरों की गुनगुनाहट कोमल कलियों के बीच
तितलिया मंडरा रही हो
फूलो के बीच, और

हम दोनो भाग रहे हो, हसीन वादियों में
जहां फसी हो उंगलियां तुम्हारी
मेरी उंगलियों के बीच
और हो वो वादिया ऐसी
जहां कोई भी ना हो
हम दोनो के बीच।

लंपी

घोर कलयुग का आरम्भ हुआ है
सरकार लंपी की वैक्सीन ना लाएगी
इसलिए
ये DP बदलना छोड़ो
ये स्टेटस लगाना छोड़ो
तुम्हारी ये कोशिशें गौ माता की स्थिति ना सुधार पाएगी
ये गौ हत्यारी सरकार है साहब
न जाने एक कुर्सी के लिए और कितना गिर जायेगी
लेकिन याद रखना एक दिन
तुम्हारी भी बारी आएगी
जब काले धन से बनी कोठियां
खाली पड़ी रह जायेगी
जिस कुर्सी के लिए भाग रहे हो
ये भी साथ ना जायेगी
जब तुम्हारी डोलियां बिन महूर्त उठाली जायेगी

और
हजार जतन कर लेना लेकिन
जाते वक्त मुट्ठिया तुम्हारी खाली ही जायेगी।

तुम चींटी हो

शुभम मणि त्रिपाठी
एम.ए. हिन्दी विशेष, प्रथम वर्ष

तुम चींटी हो
तुम मसल दी जाती हो
क्योंकि तुम में कोई स्वर नहीं
कोई विरोध नहीं, कोई ध्वनि नहीं

तुम्हें बड़े जन्तुओं सा मानवो को डराना नहीं आता
तुम इतनी छोटी हो कि
तुम्हें देखने मे कोई रुचि लेता नहीं
तुम बिल्ली सी प्यारी नहीं,
कुत्ते सी कामकाजी नहीं
मछली या झींगे सी भक्ष्य योग्य नहीं
साँप या बिच्छू सी भयहेतुक नहीं

क्या तुम्हें पता नहीं?
इस भू पर अस्तित्व के लिए
भयहेतुक या सार्थक बने रहना जरूरी है।

नारी का कर्तव्य

हिमांशु दुबे
बी. ए. हिन्दी विशेष, तृतीय वर्ष

उठो नारी,नये युग का तुम्हें निर्माण करना है,
नए युग के भवन की स्नेह रस से नींव भरना है।

नए निर्माण से पहले, पुराना क्रम बदलना है,
हुआ जीवन जहां बर्बाद,उस पथ से निकलना है,
पुरानी रूढ़ियों को छोड़ने, बिल्कुल ना डरना है,
उठो नारी, नए युग का तुम्हें निर्माण करना है।

तृषित है आज मानवता,मनुज के प्राण रोते है,
यही क्षण तो युगांतर चेतना, आधार होते है,
अभी पहले करुण वात्सल्य रस से, यह पीर हरना है,
उठो नारी, नए युग का तुम्हें निर्माण करना।

सुधा- सौजन्य कि तुम, आज हर परिवार में भर दो,
चलो,सौहार्द से प्लावित,हृदय हर व्यक्ति का करदो,
मरुस्थल पीड़ितों को आज, नंदन में विचरना है,
उठो नारी,नए युग का तुम्हें निर्माण करना है।

अमृत सबको मिले संवेदना का, नव व्यवस्था में,
जिएं सब डूबकर, सुख-शांति में,विश्वास आस्था में,
स्नेह,आशीष की सरिता,तुम्हें रसधार झरना है,
उठो नारी,नए युग का तुम्हें निर्माण करना है।

कंगूरे और दीवारें बहुत से लोग,गढ़ लेंगे,
शिलाओं पर लिखे आलेख भी सब लोग पढ़ लेंगे,
तुम्हें ही इस भवन में,आज पहला दीप धरना है,
उठो नारी,नए युग का तुम्हें निर्माण करना है।

अवस्था-परिवर्तन

अखिल यादव
बी.ए. हिन्दी विशेष, तृतीय वर्ष

भोर होते ही दादा का कहना कि
‘उठ जो रे सबेर हो गइल बा कबले सुतबे’
उसके बाद भी घंटों सोए रहना
फिर पापा का झकझोर कर उठाते हुए कहना
कि ‘पढ़ने वाले बच्चे कहीं इतना सोते हैं भला?’

मां का कितना भी लेट उठने पर प्यार से नाश्ता देना
और यदि कभी कम खा लिया तो बोलना कि
भर पेट नहीं खाओगे तो पढ़ाई में भी मन नहीं लगेगा
तब पापा का मां से बोलना कि
‘खाली खिला पिया के गदहा बना द एके’
इस पर मां का उनसे मेरे लिए लड़ जाना
यह कहते हुए कि
‘रउवा बाबू के खईला के बारे में कुछ ना बोलीं’
फिर पापा का मां से खींझते हुए कहना कि
‘तोहार दुलार एकरा के बिगाड़ देले बा’
और आखिर में मां के सामने अपनी पराजय स्वीकार कर लेना

वो समय बीत चुका है
और रिश्तों का मतलब भी बदल गया है
उस उपर्युक्त बच्चे से जो अब बड़ा हो चुका है
उम्मीद की जाती है कि वह उन सब जिम्मेदारियों को उठाए
जो बचपन में उसे छोटा मानकर उससे दूर रखी जाती थी

अब उस प्रेम का स्वरूप भी बदल गया है
जो मां-पापा उससे किया करते थे
मां अब बेटे की हर बात मान लेती है बिना कुछ कहे
पापा भी अब उसे न डांटते है और न ही उस पर झुंझलाते है
वो अब उससे ही विभिन्न मुद्दों पर राय मांगते है

इस बदलाव से उसे अधिकार तो मिले
किन्तु छिन गई बचपन की वह स्वछंदता
यह बदलाव किसी अस्थायी रासायनिक परिवर्तन जैसा है
जिसमें पदार्थ एक से दूसरी अवस्था मे बदलता रहता है
उसी प्रकार छिन जाएंगे उससे ये भी अधिकार
जब काल उसका यौवन हर कर बुढ़ापे में ढकेल देगा...

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय भाषाएं

नितेश कुमार पाण्डेय
एम.ए. हिन्दी विशेष, प्रथम वर्ष

भारत की सभ्यता एवं संस्कृति विश्व में सर्वाधिक प्राचीन है, जिसका मिसाल नहीं। अनादिकाल से भारत उच्च शिक्षा का आकांक्षी देश तो था ही, साथ ही यह व्यावहारिक ज्ञान की आकांक्षी भूमि थी।

"वाराणसी से रामेश्वरम तक सभी भाषाएं और उनके साहित्य समावेशी सांस्कृतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं और लोगों की एकता एवं सौहार्द को बनाए रखने का मूलस्रोत हैं। भारत के सभ्यागत खजाने की इस अनूठी ज्ञान विरासत का अनुभव करने और उसकी सराहना करने का मार्ग है जो विविधता में एकता के साथ जुड़ा हुआ है। विश्व का कोई भी देश इसे प्रदर्शित नहीं कर सकता है।"

भारतीय भाषाएं सदियों से एक-दूसरे के सह-अस्तित्व, पूरक और पोषक के तौर पर बनी हुई है। भाषाएं समाज के मस्तिष्क और बौद्धिकता को साकार करती है। भाषाएं लोगों को एकजुट करती है। भारत बहुभाषाई समाज है। नागरिकों के लिए विभिन्न भाषाएं सीखना-समझना व इसके समृद्ध साहित्य, संस्कृति और विचारों को जानना आवश्यक है। "भाषाएं वक्ताओं द्वारा परस्पर सम्मानित, ज्ञानवर्धक पूरक व खुले दिल से अभिव्यक्त होती है। साथ ही यह लोगों के साझा अनुभवों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक, एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में और ज्ञानियों से आम जन तक पहुंचने का माध्यम है।"

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) एक ऐतिहासिक घटना है। इसे युगांतकारी कहा जा सकता है। विविधता में एकता पर केंद्रित NEP 2020 दिलों को एक साथ लाते हुए लोगों के चिरस्थायी बंधन को मजबूत करेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 प्रारंभिक जीवन की देखभाल और शिक्षा के सार्वभौमिकरण पर केंद्रित है और सभी भारतीय भाषाओं में सीखने पर भी जोर देती है। नई नीति के तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनिवार्य किया है कि सभी भाषाएँ राष्ट्रीय भाषाएँ हैं। भारत अपनी स्वतंत्रता का 75वां वर्ष मना रहा है, लिहाजा युवाओं को भी अपना ध्यान अधिकारों से हटाकर उत्तरदायित्वों पर केंद्रित करना चाहिए। युवा रोजगार प्रदाता बनने के लिए ज्ञान आधारित क्रांतियों में भाग लेकर समाज में बदलाव ला सकते हैं।

हमारे विश्वविद्यालय विचारों, नवाचारों और आकांक्षाओं के पात्र हैं और विश्वविद्यालयों को अनुसंधान के लिए एक विशेष स्थल होना चाहिए। समाज और मानव जाति के कल्याण के लिए और जीवन को सरल बनाने के लिए अनुसंधान होना चाहिए।

हमें एक मजबूत छात्र नेटवर्क बनाने की आवश्यकता है। हम जिस संस्थान से जुड़े थे, जिस संस्थान ने हमें इतना कुछ दिया, उसे भी उतना ही वापस देने का संकल्प लेना चाहिए। हम अपने राज्य, देश और मानवता की जिम्मेदारी भी लें। अपनी कर्मभूमि को वापस देने के लिए बेहतर समय कभी नहीं रहता।

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों को राष्ट्रीय डिजिटल बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से राष्ट्रीय डिजिटल शिक्षा वास्तुकला (NDIAR) के एक भाग के रूप में एक छात्र पंजीकरण पोर्टल की स्थापना के प्रयासों का नेतृत्व करने और इसके संस्थानों को NIRF और NAAC ढांचे के तहत लाने का निर्देश दिया है। भारत का शिक्षा मंत्रालय इसे शिक्षा और उद्यमिता में विश्वगुरु बनाने के लिए हर संभव सहायता करेगा।

विद्यालय में भारत की भाषाई-विविधता की आवश्यकता

- भारत में बहुभाषावाद को बनाए रखने में विद्यालय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।
- इसलिए, नई शिक्षा नीति (NEP) विद्यालयों में भाषाओं पर अपेक्षाकृत अधिक जोर देती है, इसके लिए किसी औचित्य की आवश्यकता नहीं है।
- ऐसा करते हुए, NEP 2020 ने सभी भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं को उनकी स्थिति के बावजूद बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया है।
- उसी के लिए, NEP चार वर्षीय एकीकृत बी.एड. के माध्यम से कुशल शिक्षकों के विकास की अनुशंसा करता है।
- विद्यालयों में त्रिभाषा सूत्र की निरंतरता और द्विभाषी और त्रिभाषी प्रारूप में शिक्षण-अधिगम
- सीखने के परिणामों को बढ़ाने और सीखने को सरल बनाने

के लिए शिक्षकों और प्रशिक्षकों का कौशल विकास और आधुनिक तकनीक की भागीदारी।

- संस्कृत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया जैसी शास्त्रीय भाषाओं का शिक्षण-अधिगम।
- भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता वाली द्विभाषी पाठ्यपुस्तकें तैयार करने और विदेशी भाषाओं में पाठ्यक्रमों की पेशकश के प्रयास।
- विभिन्न स्तरों के लिए अभिनव शैक्षणिक सामग्री तैयार करना और ऑनलाइन भाषा पाठ्यक्रम शुरू करना।
- अनुवाद की भागीदारी और अनुवाद के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग।
- भाषा सीखने को आसान और रोचक बनाना। सेवारत/भावी स्कूल शिक्षकों के लिए भाषा डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पेशकश करना और त्रिभाषा सूत्र के कार्यान्वयन को बढ़ावा देना।
- कम ज्ञात और जनजातीय भाषाओं सहित विभिन्न मातृभाषाओं के लिए बुनियादी व्याकरण, प्राइमर और ध्वन्यात्मक पाठकों की तैयारी।
- बच्चों के सर्वांगीण विकास करना और भाषा केंद्रों की स्थापना का समन्वय करना।
- बाल साहित्य की खरीद के लिए राज्य सरकारों और प्रकाशकों के साथ समन्वय करना।
- CIIL में रखे गए LDC-IAL ने भाषा डेटा का पाठसंग्रह विकसित किया है जो भाषा पाठ्यपुस्तकों, विश्लेषण के लिए उपकरणों और शिक्षण सीखने के लिए अनुप्रयोगों के विकास में मदद कर सकता है।
- CIIL अपनी भारतवाणी परियोजना के माध्यम से कई भाषाओं के लिए पुस्तकों और शब्दकोशों सहित शैक्षणिक संसाधनों का डिजिटलीकरण और वेब-होस्टिंग प्रदान करता है।
- CIIL अपनी SPPL परियोजना के माध्यम से इन भाषाओं को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से कम-ज्ञात और लुप्तप्राय भाषाओं के डिजिटल अभिलेखागार का दस्तावेजीकरण और विकास कर रहा है।
- CIIL में स्थित राष्ट्रीय अनुवाद मिशन अनुवादकों को प्रशिक्षण प्रदान करता है और पाठ्यपुस्तकों के अनुवाद का काम करता है।
- CIIL में स्थित राष्ट्रीय परीक्षण सेवा – भारत ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के लिए परीक्षण और मूल्यांकन सुविधा विकसित की है और विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया है।

NEP अंग्रेजी और विदेशी भाषाओं के साथ भारतीय भाषाओं के शिक्षण की अनुशंसा करती है।

NEP नियमित उपयोग, शैक्षणिक सामग्रियों की तैयारी, शिक्षकों के प्रशिक्षण, शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषाओं को अपनाने, नवीन विधियों, प्रौद्योगिकी के विवेकपूर्ण उपयोग और सभी भाषाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के विकास और उनकी उल्लेखनीय एकता के माध्यम से भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने की परिकल्पना करता है। NEP स्थानीय किस्मों के साथ भारतीय सांकेतिक भाषा के शिक्षण के माध्यम से श्रवण-बाधित आबादी के भाषाई सशक्तिकरण की भी सिफारिश करती है।

वर्तमान दिशा और आगे की योजना:

नवंबर 2021 में शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध संस्कृत प्रस्तावक और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित चामु कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में भारतीय भाषाओं के प्रचार के लिए एक उच्चस्तरीय समिति, भारतीय भाषा समिति का गठन किया। समिति को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के तहत निर्धारित भारतीय भाषाओं के विकास के लिए एक कार्य योजना तैयार करने का काम सौंपा गया है, जिसके लिए स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना आवश्यक है।

केंद्र सरकार विद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों और भाषा के अन्य क्षेत्रों, जैसे रोजगार में भाषाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर रही है। उन्होंने पाया है कि शिक्षा के माध्यम के रूप में 35 मातृभाषाएँ हैं, और त्रिभाषा सूत्र के भाग के रूप में, 160 भाषाओं के साथ-साथ मातृभाषाएँ भी पढ़ाई जाती हैं (उदाहरण के लिए, हिंदी एक मातृभाषा और एक भाषा है, जबकि गढ़वाली एक मातृभाषा है लेकिन भाषा नहीं)। NEP को लागू करने में पहली चुनौती अध्ययन सामग्री प्रदान करना है, और प्रथम वर्ष के लिए उनका ध्यान कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षा की सभी धाराओं अर्थात् विज्ञान, मानविकी और वाणिज्य की पाठ्य सामग्री को भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराना।

शिक्षा मंत्रालय सक्रिय रूप से नियामक निकायों, विश्वविद्यालयों और प्रोफेसरों के साथ जुड़ रहा है और प्रशिक्षण में सहायता प्रदान कर रहा है, और कार्यशालाओं और अभिविन्यास कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) ने 12 भाषाओं में प्रथम वर्ष की इंजीनियरिंग पुस्तकें

तैयार की हैं और कुल 270 पुस्तकें प्रकाशित की गई हैं। द्वितीय वर्ष की पुस्तकों पर काम चल रहा है। इसी तरह, बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने भारतीय भाषा समिति और यूजीसी के साथ मिलकर भारतीय भाषाओं में विधिक पाठ्यपुस्तक तैयार करने के लिए पूर्व सीजेआई शरद बोबडे की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। मध्य प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्य की चिकित्सा परिषद ने भी प्रथम वर्ष की पुस्तकें [हिंदी में] तैयार की हैं। हाल ही में, तंजावुर में शास्त्र विश्वविद्यालय ने घोषणा की कि वे उच्च शिक्षा में तमिल में 75 विषयों में 75 पुस्तकों का प्रकाशन करेंगे।

पाठ्यपुस्तकों के अलावा, हमें शिक्षकों को द्विभाषी होने के लिए भी तैयार करने की आवश्यकता है। विद्यालय स्तर पर लगभग 1 करोड़ शिक्षक हैं, जिनमें से लगभग 30 लाख भाषा शिक्षक हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में करीब 2-3 लाख शिक्षक होंगे। फिर रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की जरूरत है, न कि केवल भाषा के छात्रों के लिए शिक्षण कार्य। भारतीय भाषा परिषद ने योग्यता के रूप में भाषाओं को शामिल करने पर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के अध्यक्ष के साथ चर्चा की है। भारतीय भाषाओं के लिए अधिक दृश्यता सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है।

किसी भाषा के विकास के लिए सात आवश्यकताएँ होती हैं; निर्देश या संचार या मनोरंजन या विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम के रूप में उपयोग करना; भारतीय भाषाओं में विश्व स्तर पर समकालीन साहित्य या सामग्री जैसे वर्तमान विकास, विचार या दैनिक ज्ञान का विकास करना; नए शब्दों के सृजन की सतत प्रक्रिया की भी आवश्यकता है; पाँचवाँ, हमें प्रौद्योगिकी के अनुकूल होने के लिए भाषाओं की आवश्यकता है क्योंकि 2,000 से 3,000 भाषाएँ जो प्रिंट तकनीक के अनुकूल नहीं थीं, लुप्त हो गईं; छठा, हमें शिक्षण और सीखने की सामग्री की आवश्यकता है; और अंत में हमें संरक्षण की जरूरत है, जो समष्टिगत, समाज और सरकारों से हो सकता है। इस तरह हम भविष्य की योजना की कल्पना कर रहे हैं।

अब तक किसी भी शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं में शिक्षा सुनिश्चित करने पर इतना जोर नहीं दिया गया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह पहली बार है कि हम भारतीय भाषाओं के लिए एक मजबूत प्रेरणा देख रहे हैं। भारतीय भाषा शब्द का प्रयोग 30 बार हुआ है। त्रिभाषा फार्मूले के लिए भाषाओं को चुनने के लिए राज्यों को स्वतंत्रता भी दिया गया है। कोई भाषा निर्धारित नहीं की गई है। राज्य तय करेंगे, उन्हें चुनने की आजादी है। यह एक लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत प्रक्रिया होगी। किसी भाषा को थोपा नहीं गया है।

यह भाषा शिक्षण में एक महान प्रतिमान बदलाव है। अन्य प्रतिमान बदलाव मातृभाषा है- प्राथमिक और उच्च शिक्षा मातृभाषा के माध्यम से होनी चाहिए, साथ ही तीन विकल्प हैं जो क्षेत्रीय भाषा या स्थानीय भाषा या घरेलू भाषा हैं। ये विकल्प भी दिए गए हैं।

यहां तक कि तमिल में भी 12-13 अलग-अलग बोलियां हैं। लेकिन कुछ खास वजहों से तमिलनाडु ने सिर्फ तमिल को बढ़ावा दिया है। अब उन्हें केवल तमिल सीखने के लिए [NEP को लागू करने में] समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। राज्य में तमिल का भी पतन हो रहा है। 2010 में 12वीं कक्षा में 75% तमिल माध्यम के छात्र थे और 2020 में यह आंकड़ा घटकर 55% रह गया है। तमिल भी उनकी नीति के कारण [गिरावट पर] है। उन्हें अपनी मानसिकता बदलनी होगी।

अन्य सभी भारतीय भाषाओं की तरह हिंदी को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। लगभग 50% नागरिक हिंदी बोलते हैं, तो यह एक फायदा है। जहां अंग्रेजी माध्यम है, वहां हिन्दी माध्यम होना चाहिए। हिंदी सीखने की इच्छा या संकल्प होना चाहिए, जो देश को एक करेगा।

संस्कृत को अब तक या तो अंग्रेजी या हिंदी के माध्यम से पढ़ाया जाता रहा है, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बड़ा जोर संस्कृत के माध्यम से संस्कृत पढ़ाने के लिए है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय सरल, मानक संस्कृत का विकास करेगा जिसका उपयोग शिक्षा और संचार के माध्यम के लिए किया जा सकता है। संस्कृत ज्ञान प्रणाली, या संस्कृत ग्रंथों में ज्ञान का भंडार भी है, जिसे शोधित और प्रकाशित किया जाएगा और सुलभ बनाया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति यह कहती है कि सभी भाषा संस्थानों को बहु-विषयक होना चाहिए। अतः संस्कृत को मुख्यधारा में लाने के लिए चिकित्सा, एसटीईएम, प्रबंधन पाठ्यक्रमों के साथ-साथ संस्कृत को भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

नई 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' के जरिए देश पहली बार उस शिक्षा व्यवस्था को तैयार कर रहा है जो दूरंदेशी और अत्याधुनिक है। हमारा देश विश्व में सबसे प्राचीन परम्पराओं का घर है। इसलिए, ये हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम अपनी परंपराओं और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करें, उसका संवर्धन भी करें, और हो सके उतना आगे भी बढ़ाएं।

आज मेरे शहर में चुनाव है

यश ध्वज
बी.ए.हिंदी विशेष. प्रथम वर्ष

हाँ आज मेरे शहर में चुनाव है।
माना कि कल रात कुछ लोगों ने
चुनाव किया पैसों का,

कुछ लोगों ने चुनाव किया शराब का,
कुछ लोगों ने चुनाव किया अपनी जाति का,

कुछ लोगों ने चुनाव किया बाहुबल का,
और कुछ लोगों ने चुनाव किया चाटुकारिता का,

पर यह चुनाव कल रात हुआ,
और आज मेरे शहर में चुनाव है।।

हाँ आज मेरे शहर में चुनाव है,
चुनाव शहर की बागडोर संभालने वालों का,

चुनाव हैं जनता की सेवा करने वालों का,
चुनाव है भ्रष्ट और श्रेष्ठ उम्मीदवार का,

चुनाव है शहर को उन्नति की
राह पर ले जाने वालों का,
चुनाव हैं उस उम्मीदवार का
जो वास्तव में उम्मीदवार है।

आज मेरे शहर में चुनाव हैं
हाँ आज मेरे शहर में चुनाव है,

वह अलग बात है कि कल रात चुनाव हुआ
बेईमानी का,दुराचारी का, लोकतंत्र के हत्यारे का,

पर वास्तव में आज मेरे शहर में चुनाव है।।
हाँ आज मेरे शहर में चुनाव है,

चुनाव है जाति पाति से ऊपर उठने का,
चुनाव है रोजगार का,
चुनाव है परिवर्तन का
चुनाव है लोकतंत्र का,
चुनाव है शिक्षा, स्वास्थ्य,
और विकास की मांग करने का,
आज मेरे शहर में चुनाव हैं

हाँ आज मेरे शहर में चुनाव है,
पैसा, शराब, धमकी देने वाला उम्मीदवार
तो परेशान है ही,
परेशान है वह भी जो सच में
करना चाहता बदलाव है

आज मेरे शहर में चुनाव है
हाँ आज मेरे शहर में चुनाव है

ज़िंदगी

बलजीत सिंह सलूजा
बी. ए. हिंदी विशेष, द्वितीय वर्ष

गरीबी देख मेरा रुख़ हां जब जब आह भरती है
फटी चादर को सिल मुंह पर मेरे वह ओढ़ जाती है

मै सौ सौ बार करता मिन्नतें यही पूछता रहता
खता मेरी न बतलाती, वह बस मुंह मोड़ जाती है

दबाकर मन में पीड़ा और दुख चुपचाप सहता हूं
वो आंखों की नमी, बेचैनी, भांडा फोड़ जाती है

मै जब जब हार कर परेशान हो उसे छोड़ना चाहूं
वो बेदर्दी मेरा दिल दूसरे से जोड़ जाती है

पता जब-जब भी पूछूं सुख और सुकून का ज़िंदगी से मैं
वो हर एक बार मुझको मेरे ही घर पर छोड़ जाती है।

अनकही मोहब्बत

गौरव सिंह राठौड़
बी.ए.ई इतिहास विशेष, प्रथम वर्ष

तुम्हारी इन काली अलको को
तुम्हारी इन प्यारी पलको को
जबसे हमने देखा
तुम्हारी जुल्फों के भंवर में दिल को फसाया है

इस दिल में होते दंगो को
तुम्हारी मोहब्बत के रंगों को
जबसे हमने देखा
तुम्हारे इश्क ने दिन का चैन और रातों का सुकून गवाया है
तुम्हारी इन झील सी गहरी आंखों को
तुम्हारी कलाई में बंधे इन काले धागों को
जबसे हमने देखा
खुदा को छोड़ तुम्हारे सजदे में सर झुकाया है

तुम्हारे इन रेशमी बालों को
तुम्हारे इन गोरे गालों को
जबसे हमने देखा
तुम्हारा नाम हमने अपने ओंठ पे सजाया है

तुम्हारे इस कोमल बदन को
तुम्हारे इस चंचल चितवन को
जबसे हमने देखा
तुम्हारा नाम हमने अपने होठों पे सजाया है

लेकिन
लेकिन
लेकिन

तुम्हे आराध्या मानकर हमने
खुद को संत किया है
जानते है खता हुई है हमसे
क्योंकि
तुमसे मोहब्बत कर हमने
अपने आरंभ को अंत किया है।

अमृत महोत्सव

हेमलता
बी.ए. हिंदी विशेष, तृतीय वर्ष

है नया विश्व यह नया सवेरा
जीवन का सूर्योदय, और नया बसेरा
आज़ाद परिंदा घूम रहा आसमां में
यह आज़ादी का अमृत महोत्सव नया सवेरा

देखना होगा हमें नया रूप आबादी का
हम मना रहे हैं जश्न आज आज़ादी का
कदम कदम पर खुशबू और किलकारी हैं
अब काम नहीं है इस भारत में, नारेबाजी का

हमारी संस्कृति अमृत के समान है
सभ्यता स्वरूप का इस भारत में मान है
बरसों से हमारा चमन आज भी है सलामत
यहां हर जाति - धर्म का बराबर सम्मान है

भारत के हर समुदाय के अलग महोत्सव हैं
मिलकर मनाए जाते सभी ये उत्सव हैं
बिना द्वेष के मिलते हैं सब आपस में
जिसका नाम 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' है।

हालातों से मजबूर : बाल मजदूर

अतुल कुमार श्रीवास्तव
बी.ए.हिन्दी विशेष, तृतीय वर्ष

जिन मासूमो के नसीब में कभी नहीं होते,
कलम, किताब, खिलौने और प्यार

उनके पास हमेशा मिलेगा आपको,
ईंट, पत्थर और जिम्मेदारियों का भार

जिनकी दुनिया इस रंगीन दुनिया से हैं अलग,
सुकून, खुशियों और ख्वाहिशों के पार

उन्हें मेहनत के बदले में हैं दिया जाता,
लानत, गालियां और नफ़रत बेशुमार

और इससे बचकर जो हाथ में पैसे हैं आते,
उनपर भी आंखे लगाए हुए हैं लुटेरे हज़ार

उन्हें नहीं दिखती उनके चेहरों की मासूमियत,
उन्हें महज़ दिखता है पैसों के लिए एक शिकार

हाथ फेर, माथे पर चूमे कोई ज़रा प्यार से,
इन नन्हें बच्चों को हैं उस वक्त का इंतज़ार

इन्हें यूं मेहनत करता देख पूछता हैं "अतुल",
ये सच में बच्चे हैं या हैं कोई आदमी जिम्मेदार।

जीवन में बदलाव का स्वागत ख़ुशी से करें

गुंजन पारीक
बी.ए.प्रोग्राम, प्रथम वर्ष

1. हाउ तो विन फ्रेंड्स एंड इन्फ्लुएंस पीपल
लोगों के साथ सहज रहें या फिर दूरी बना लें।
दुनिया में हर तरह के लोग पाए जाते हैं। अगर उन्हें अनदेखा नहीं कर सकते, तो सहज रहें।सहज रहते हुए विनम्रता से बात करेंगे तो पाएंगे कि उनके पास आपसे मीठा बोलने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।आपके शिष्टाचार के आगे उनकी मलिनता उन्हें बहुत छोटा महसूस करवाएगी। लेकिन फिर भी अगर उनसे बात करके आप परेशान होते हैं तो उनसे दूरी बना लें।

2. द मैजिक ऑफ़ थिंकिंग बिग
बड़ी उम्र में गलती करना ज्यादा तकलीफ देता है।
उम्र के साथ हमारा स्वाभाव जितना लचीला होगा,उतनी जल्दी हम नयी गलतियों को स्वीकार करना सीखेंगे। जितनी ज्यादा गलतिया हम करते हैं,उतनी कम संभावना नयी गलतियां करने की होती है। शोध बताते है कि एक उम्र के बाद गलती करना और उससे सिखना ज्यादा तकलीफदेह होता है। जबकि जवानी में गलती करना और उससे सीखना कम तकलीफ देता है।

3. थिंकिंग, फ़ास्ट, स्लो
विनम्रता अपने अंदर पैदा की जा सकती है।
विनम्रता या तो स्वाभाविक तौर पर आती है या धीरे धीरे जतन करने से अपने अंदर पैदा की जा सकती है। जब एक पेड़ पर फल लगते हैं तो वह झुक जाता है। इसी तरह विनम्र व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है तो उसमे भी विनम्र होकर चलने का एहसास पैदा होता है। जब व्यक्ति सोचता है कि जो उससे मिला है वो उसकी योग्यता से ज्यादा है, तो इससे विनम्रता कहते हैं।

4 पावर ऑफ़ पॉजिटिव थिंकिंग
बदलाव को बिना विरोध के अपनायें।
जीवन हर पल बदलता है। कभी बदलाव अच्छे होते हैं तो कभी विरुद्ध लगते हैं। बदलाव जीवन का हिस्सा है। हमें बदलाव को बिना किसी विरोध के अपनाना चाहिए। बदलाव किसी निश्चत तारीख या समय पर निर्भर नहीं करता,यह यो सतत प्रक्रिया है। जीवन में बदलाव का स्वागत ख़ुशी से करे।

नियति

अतुल कुमार श्रीवास्तव
बी.ए. हिन्दी विशेष, तृतीय वर्ष

जब मझलिस गांव से आए किसी संत ने धीरज की हस्तरेखा को देखकर उसका लेखा जोखा सामने रखते हुए कहा की तुम्हारी होने वाली संतान तुम्हारे कुल और समाज में बदनामी का कारण बनेगा तब बहुत ज्यादा बल देकर कारण पूछने पर संत जी ने एक शब्द धीरे से कहा। उसी एक शब्द की चीख आज भी बाईस वर्षों बाद कानों में कंटक के भांति चुभती रही। आज इतवार हैं, और आज बाईस वर्षों का भय सत्य में बदलने के लिए सज्य हैं। संत जी के मुख से निकला वो एक शब्द धीरज और आशा की हंसती खेलती जिंदगी को बर्बाद करने के लिए काफी था। उसी एक शब्द को सीने में दबाएं दोनो दंपत्तियों ने आशा और धीरज की डोर कसकर पकड़ रखी थी।

"अब संयम का बांध टूट चुका हैं आशा"। धीरज ने जब झेपते हुए कहा तो आशा उठ खड़ी हुई और धीरे से मधुर आवाज़ में प्रश्नाभाव में पूछी "सूरज क्या कभी तपन छोड़ता हैं भला, अंधकार अपना तमस भुलाता हैं कही, तो धीरज अपनी धैर्यता कैसे छोड़ सकता हैं। अधीर न हो, धीरज धरो।" धीरज ने कुछ क्षण तक आशा को खूब ध्यान से देखा मानो वह आशा की आंखो को पढ़ना चाहता हैं या उसकी आंखों की गहराइयों का थाह मालूम करना चाहता हैं। अगले ही पल पुनः आशा ने प्रश्न का तीक्ष्ण बाण छोड़ा, "कहो, संयम क्या हैं धीरज?"। धीरज ने बिना कुछ सोचे झट से पलट कर जवाब दिया मानो कोई विद्यार्थी कक्षा में किसी एक ही प्रश्न का उत्तर अच्छे से तैयार कर आया हो, और उसी प्रश्न को सुनकर अपना समूचा ज्ञान प्रस्तुत कर दिया हो। धीरज ने उत्तर में कहा कि संयम एक युद्ध हैं जो की स्वयं के ही विरुद्ध हैं। आशा ने मंद रूप से मुसकाया तो धीरज के माथे पर बल पड़ा। उसने आशा के विचार जानने का प्रयत्न किया, इससे पहले वह उससे कुछ पूछता आशा धीरज के मन की बात जान गई और बोली, "मैं मानती हूं संयम युद्ध नहीं। युद्ध में दो ही विकल्प बचते हैं जय या पराजय। संयम जय और पराजय के मध्य की बात हैं, संयम का मसला युद्ध या क्रांति का नहीं बलिक मौन का हैं। न हम खुद से लड़ सकते हैं और न ही सुलह कर सकते हैं। इतना कहने की देरी थी की डाक बाबू की चिट्ठी आ गई। तुरंत ही आशा रसोई से पानी और गुड़ लेकर आई, और डाक बाबू से रोहित के नाम की चिट्ठी ले ली। चिट्ठी को पढ़कर आंखों में अश्रु भर आए परंतु आंख में ही सूख कर रह गए। काले काले अक्षरों में साफ साफ लिखा था, "मां मैंने कुछ नहीं किया हैं, मैं बेकसूर हूं। मुझे बचा लीजिए, मुझे यहा कुछ अच्छा नहीं लगता मां।"

दरअसल आज आशा और धीरज के बेटे रोहित को कारावास में गए एक हफ्ते होने को थे। नियमानुसार हर इतवार को गुनहगार से डाक चिट्ठी, तार आदि से बात हो सकती हैं। आशा ने चिट्ठी को पुचकारते हुए कहा, सब ठीक हो जायेगा। डाक बाबू ने पूछा, "बेटी आशा तेरी कोई चिट्ठी हैं तो बता दे, संदेशे पहुंचा दूंगा तेरे लाल तक"। आशा ने धीरे से कहा की कह देना उससे सब ठीक हो जायेगा। धीरज ने रुआसे स्वर में कहा, "ठीक कुछ नहीं होने वाला आशा, बाईस वर्ष पूर्व जो भविष्यवाणी हुई थी वो सच होकर रहेगी। तुम्हें पुनः स्मरण करा देता हूं कि ..... आशा5 ने बीच में रोकते हुए कहा की भविष्य क्या हैं धीरज ? भविष्य एक कल्पना हैं, एक अनहोनी हैं जिसकी खबर किसी को भी नहीं होती। हम अच्छे भविष्य की कामना कर सकते हैं, अच्छी भविष्य के लिए सुकर्म कर सकते हैं और यदि हम गलत नहीं तो हमारे साथ गलत कैसे हो सकता हैं। चलो आज रोहित की पेशी हैं, वकील साहब सीधे वही आएंगे।

दोनो अभी निकल ही रहे थे की मिश्रा जी ने झट से उनका राह रोकते हुए अपना सहानुभूति से भाव विभोर पीड़ा को प्रकट करते हुए कहा, " अरे भाभीजी सुनकर तो तनिक मुझे भी बुरा लगा, रोहित तो ऐसा नहीं था। उसे तो सभी गौ की तरह सीधा समझते थे परंतु ... एक बार चोरी के इल्ज़ाम में हवालात जाता तो मान भी लेता पर बलात्कार ... छी छी! राम राम! कभी नहीं कभी नहीं। मेरा हृदय मानने को तैयार ही नहीं। आशा ने पलट वार का सोचा परंतु देरी होने के कारण उसने वहा से निकल जाना ही उचित समझा।

आशा ने आवेग में आकर क्रोधित स्वर में कहा, "किस तरह घर पर आकर मिश्रा जी मिसरी सी मीठी बोली बोलते थे, आज अवसर मिला तो तीखे जवान छुरी की तरह चल रहे हैं। मैं न कहती थी यह जमाना खुद्दार और मतलबियों से भरा हैं, सभी मित्र और शुभ चिंतक के रूप में शत्रु ही तो हैं।" इतने में काले कोट पहने वकील साहिबा आशा के निकट चली आई। वकील साहिबा ने मुस्काते हुए अपने परिचय में कहा, " नमस्ते, मैं नियती आपके बेटे रोहित की वकील। दरअसल मेरे पिता जी की तबियत ठीक नहीं रहती, तो उन्होंने मुझे भेजा हैं। आप निश्चिंत हो जाए, मैंने केस का अच्छे से अध्ययन किया हैं। परिणाम आपके अनुकूल ही होगा। पहले आशा को महिला वकील पर संदेह सा हुआ, उसके स्त्रीत्व बुद्धि ने उसे यह सोचने पर मजबूर कर दिया की एक स्त्री भला कोट

कचहरी के काम कैसे संभाल सकती हैं, उसके हृदय में एक पल के लिए पराजय का भय सा आ गया परंतु वकील साहिबा की वाणी ने उसे भीतर ही दबा कर बुझा दिया। वकील साहिबा अपने साथ न केवल दस्तावेज़ और कानूनी कागज़ात लाई थी बलिक अपने साथ एक नवीन उम्मीद भी लेकर आई थी। ये वकील कौन हैं, कहा से हैं यह किसी को नहीं पता और न ही इन्हें किसी ने कचहरी में पहले कभी देखा था। सभी की निगाहें उसी पर टिक गई।

जज साहब, मेरे मुवक्किल रोहित पर यह आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपनी सहपाठी तृषा का बलात्कार करने का प्रयास किया हैं। तृषा जी का कहना हैं की उन्हें जबरन कॉलेज के किसी सन्नाटे वाले इलाके में ले जाकर छेड़ छाड़ या बलात्कार करने का प्रयास किया गया हैं .....

रोहित के समूचे सहपाठियों ने रोहित के पक्ष में बयान दिया। और ऐसे ही देखते देखते तीन घंटों तक वाद विवाद चलते चलते अपने परिणाम की ओर बढ़ा। तृषा के समस्त सबूत झूठे निकले और उचित न्याय रोहित के पक्ष में आया। सभी ने जोर से तालियां बजाईं, आशा दौड़ती हुई अपने पुत्र के समीप गई और उसे खूब दुलारा। आभार प्रकट करने हेतु जब वह वकील साहिबा को ढूंढने लगी तो वो वहा से जा चूंकि थी। आशा को अचरज सा हुआ, उसके माथे पर बल पड़ गया। आखिर वह महिला वकील कहा चली गई। जब उसने अपने वकील को फोन किया तो वहा से जो पता चला वो आशा को और परेशान कर देने वाला था। आशा और धीरज को लगने लगा की जिस भविष्यवाणी के कारण दोनों मरे जाते थे वो आज झूठ साबित हुई, सब ठीक ही हुआ। नियती गलत साबित हुई, और आशा जीत गई। नियती ? आशा इससे पहले कुछ समझती वकील साहिबा की एक बात कानों में गूंज उठी, नियती कभी झूठ नहीं हो सकती, नियती में लिखा हुआ हो कर रहता हैं।

बहुत प्रयास के बाद जब दो माह बीत गए तब भी आशा की हृदय को चैन न पड़ा, उसकी सुई नियती नाम की बिंदु पर टिक सी गई। उसके मन में सैकड़ों प्रश्न उभरते बिखरते रहे। आशा जब घर के लिए सामान लाने दरिया बाजार गई, तो वही उसने फिर उसी वकील साहिबा को देखा। उसने उससे बात करने का प्रयास किया पर वह वहां से अपने निवास स्थान की ओर प्रस्थान कर चुकी थी। आशा को आज किसी भी कीमत पर अपने प्रश्नों के उत्तर चाहिए थे। धीरज के प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर देने वाली विदुषी आशा आज स्वयं प्रश्नों के घेरे में खड़ी थी। वकील के एक एक पग आशा के हृदय की गति को सौ सौ बार धड़काए दिए जाते थे। वकील साहिबा को शहर की बदनाम गलियों में उतरते देख आशा चौक गई। तो क्या ये वकील वैश्याओं के साथ रहती हैं ? तो क्या इसका उठना बैठना तबायफ के साथ हैं ? या यह स्वयं एक तवायफ.... नही नहीं ... ऐसे हजारों प्रश्न फिर कौंध उठे, और ये नूतन प्रश्न पुराने वाले प्रश्नों को ढके जाते थे।

आशा को यकीन नहीं हुआ, जब उसने वहा की किसी महिला से पूछा तो जांच पड़ताल से मालूम हुआ कि नियती कोई वकील नहीं एक तवायफ हैं, एक वैश्या। आशा के पैरों के नीचे से ज़मीन सरक गई, एक वैश्या ने उसकी मदद की ? क्यों ? आखिर क्या कारण रहा होगा ? आशा ने अपने प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए अपने डेग बढ़ाए। आशा ने दबे स्वर में पूछा, " तुम वकील नहीं हो ?", "कौन हो तुम?", "तुमने मेरे बेटे को किस स्वार्थ के लिए बचाया ?", "कहो, इसके बदले में तुम्हें कितने पैसे मिले और किसने दिए ?", "चुप न रहो, तुम्हारा मौन मुझे खाए जाता हैं। ईश्वर के लिए कहो, कौन हो तुम।"

नियति ने विनम्रता से उत्तर दिया, "मैं आपकी दोषी हूं, मैंने आपसे झूठ बोला कि मैं एक वकील हूं। असल बात तो यह हैं की मैं एक वैश्या हूं, मैं नियती हूं। मेरा नाम नियती हैं। पर आप निश्चिंत रहे, मैं जानती हूं कि आप कौन हैं। आपका अतीत, अपका वर्तमान और आपका समूचा भविष्य भी जानती हूं। आप जानना चाहती हैं कि मैं कौन हूं ? इससे पूर्व यह जान लीजिए कि आप कौन हैं। आशा नि:शब्द मौन होकर सब सुन रही थी, वह क्या कहे उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था। वैश्या ने पुनः अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, "आपका अतीत हूं मैं, आपकी नियती हूं "। जिस बलात्कार और कुल की बदनामी की भविष्यवाणी के भय से आपने अपनी पहली संतान, अपनी बेटी को किसी गली गुचे में अकेला तड़पता छोड़ दिया था, वही जिंदा लाश हूं मैं। आपका अपना खून, जिस कुल और समाज के भय से आपने मुझे मार कर शराफत का लिबाज़ ओढ़ा था उसी का अंजाम हूं मैं। जिस नियती को बदलने के लिए आपने इस नियती को मरने के लिए छोड़ दिया था और जिस नियती को कभी नहीं झुठलाया का सकता हैं वही नियती हूं मैं। "

नियती के स्वर कानों को अप्रिय लग रहे थे परंतु सत्य सदा कठोर होता हैं, सत्य अप्रिय अवश्य लग सकता हैं परंतु मिथ्या कभी नहीं हो सकता। जिस एक बार के बलात्कार के भय से आशा और धीरज अपनी नियति को बदलने चले थे वो हिम की उच्च शिखरों की भांति अडिग और सत्य का चोला ओढ़े खड़ी थी। नियती ने मुस्काते स्वर में कहा, "आशा हार गई, नियती जीत गई। इस वैश्यालय की तंग गलियों में मेरा हर रोज़, हर पल बलात्कार होता हैं। आपने उस एक बार बलात्कार के भय से मुझे यहां हर रोज़ बलात्कार होने के लिए छोड़ दिया हैं। आशा भले ही स्वार्थी हो सकती परंतु नियती नहीं। मैंने आपके बेटे को नहीं बलिक एक निर्दोष को बचाया हैं, वह निर्दोषी था और बलात्कार की बदनामी मुझ तवायफ से अच्छा कौन जान सकता हैं। आपके भीतर संवेदना नहीं, आप सबने शराफत को ओढ़ लिया हैं परन्तु नग्न बदन दिखाने वाली तवायफ एहसास ओढ़ती हैं। अपनत्व, न्याय, सत्य का एहसास। आज आशा को संयम के युद्ध में पराजय मिला। नियति जीत गई और आशा हार गई।

महिमा की राहें मृत्यु तक जाती हैं

सचिन यादव
बी.ए.इतिहास विशेष, तृतीय वर्ष

कबीर दास जी का एक प्रसिद्ध दोहा है कि मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा। तेरा तुझ को सौंपता क्या लागे है मेरा। आज से 700 साल पहले रचित यह पंक्तियां वर्तमान समय में और अधिक प्रासंगिक हैं।मानव अनंत अभिलाषाएं पाले रहता है, ये सभी अभिलाषाएं कभी भी पूरी नहीं होती। बात ठीक भी है फिर ऐसा क्यों है कि हम इतनी अभिलाषाएं स्वयं से पाल लेते हैं मैने कहीं एक कहानी सुनी थी आपको भी सुनाता हूं कि एक भिखारी छोटे से किसान के पास गया तो उसने सोचा कि किसान कितना सुखी है जिंदगी तो इसकी है,परिवार है ना कोई चिंता है, जबकि मुझे तो ये भी पता नहीं की आज कुछ मिलेगा भी या नही।

जैसे ही भिखारी भीख लेकर जाता है, छोटा सा किसान एक बड़े किसान के पास जाता है और उसके ठाट बाट देखकर सोचता है कि हम तो एक कुएं के मेंडक की तरह जिंदगी जी रहे थे,इसके बाद वह बडा किसान व्यापारी के पास जाता है और उसकी सान वान,मान,सम्मान,देख अपने आप को छोटा महसूस करता है,जब यही व्यापारी शहर के सबसे अमीर व्यक्ति के पास जाता है तो अपने को बहुत ही छोटा महसूस करता है कि इसके पास तो अधिकारियों, मंत्रियों की भीड़ लगी रहती है लेकिन शहर का सबसे बड़ा अमीर अपनी खिड़की में से देखता है कि एक भिखारी अपनी मस्ती में जा रहा है,उसे देखकर यह सोचता है कि जिंदगी तो इसकी है,यह वही भिखारी था जो एक छोटे से किसान के पास भीख मांगने आया था।

कहानी प्रेरणामयी है जीने की सीख भी देती है कि जिंदगी में ज्यादा अभिलाषाएं मत पालिए जो मिला है उसी में खुश रहिए क्योंकि कुछ भी पाने कि इच्छा कभी खत्म नहीं होती है, यही वह पथ है जहां से महिमा रूपी राहें इंसान को मृत्यु तक ले जाती हैं। हम जीवन में बड़े बड़े लक्ष्य लिए रहते हैं,सम्मान, प्रतिष्ठा की लालसा रहती है,लेकिन कई बार हमारे साथ ऐसा होता है की हम स्वयं के अनुसार जीवन नहीं जी पाते हैं आपको एक उदा.देता हूं की जब कोई हमारी प्रशंसा करता है तो हम चाहते हैं की हमारी प्रशंसा और अधिक होने लगे।सम्मान पाने की इच्छा और लालसा भी बढ़ती चली जाती है लेकिन ये इच्छा यदि सीमा में रहे तो बहुत बेहतर होती है लेकिन कई बार इंसान को अपंग बना के रख देती है और इंसान खोखला हो जाता है,फिर हम स्वयं के अनुसार न चलके दूसरों के अनुसार चलने लगते हैं, दिखावटीपन हमारे अंदर ऐसे समा जाता है कि फिर हम सहजता और हमारे वास्तविक व्यवहार से कोसों दूर चलें जाते हैं जिसके कारण हम स्वयं का वास्तविक व्यक्तित्व खो देते हैं और हमारे चरित्र पर एक नई परत चढ़ जाती है अर्थात एक परत के ऊपर दूसरी परत इस परत की विशेषता होती है कि इससे इंसान के अंदर बैठे हैं " मैं " की मृत्यु हो जाती है आप समझ ही गए होंगे कि" मैं" का क्या तात्पर्य है,जब "मैं" ही नहीं रहता तो जीवन भी व्यर्थ सा लगने लगता है इन सबके पीछे वही दिखावट रुपी महिमा है।" में" की मृत्यु होने पर जीवन जीवन उद्देश्यहीन हो जाता है, इसीलिए स्टीव जॉब्स ने एक बात कही थी कि जीवन में सबसे कठिन है सरल होना। एक अर्थ के बाद हम दूसरे अर्थ पर भी आते हैं मैने कहीं एक क़व्वाली सुनी थी जिसका मुखड़ा था की चढ़ता सूरज धीरे धीरे ढलता है ढल जाएगा जीवन में कई बार समय आता है जब हम प्रसिद्धि की पराकाष्ठा पर होते हैं और यह पराकाष्ठा तुक्के से नहीं मिली तो इसकी कीमत भी बहुत चुकानी पड़ती है, कई लोग शिखर पर पहुंचने के बाद सागर की भांति हों जाते हैं उनके अंदर आत्म संयम, विश्वास, देने की क्षमता, लेने की क्षमता,अपनी गहराई पर कभी भी अभिमान न करने की अद्भुद कला होती है। इसके विपरीत भांति के लोग भी होते हैं जो यदि शिखर पर पहुंच भी गए तो उसे स्थाई मान लेते हैं, जैसे ही आपने उसे स्थाई माना उसी दिन से आपके पतन का रास्ता तैयार।हम यह बात ठीक तरह से जानते हैं कि जीवन में कुछ भी स्थाई नहीं है सब कुछ क्षणभंगुर और नाशवान है हमने इतिहास से सीख ले सकते हैं कि ऐसे ऐसे पुरोधा हुए हैं कि उनके बारे मे कहने के लिऐ हमारे पास शब्द नहीं होते हैं। हमने देखा है सूरज को तेज चमकते हुए फिर शामों के शहर में ढलते हुए।आए किसी और उद्देश्य के लिए उलझ किसी और उद्देश्य में गए।जैसे ही हम इससे भटकते हैं महिमा की ये राहें हमे मृत्यु तक पहुंचा देती हैं,जबकि यही राहें हमें अनंत की ओर भी ले जा सकती हैं।

हम में से अधिकांश कल पर जीते हैं जबकि आज,आज ही जीने के लिए दिया है, इस कल की चिंता में हम आज और अभी को गवा देते हैं और यह चिंताएं चिता की राहें तैयार करने लगती हैं।इसी को लेकर तुलसीदास जी ने कहा है कि

तुलसी भरोसे राम के, निर्भय होके सोए।
अनहोनी होनी नहीं, होनी है सो होय।।

मैं आपकी होना चाहती हूं

अलका
बी. ए. हिंदी विशेष, तृतीय वर्ष

मैं आपकी होना चाहती हूं,
खुद को आपमें डुबोना चाहती हूं।
ज़रा देकर तो देखिए एक मौका,
ढाल बनकर खड़ी रहूंगी सदा,
उस कैकेई की तरह।
चाहूंगी आपको,
उस दीवानी मीरा की तरह।
सह लूंगी दुःख-दर्द आपके वियोग का,
उस उर्मिला और यशोधरा की तरह।

क्योंकि आपका होना ज़रूरी है मेरे लिए,
आपके साथ रहने से अधिक।
नहीं चाहती आपकी धन-दौलत,
बस आपका ज़रा सा सोने सा वक्त चाहूंगी।

कर जाऊंगी अपनी जान कुर्बान और
बांधूंगी धागे मन्नत के मंदिर में,
अरदास करूंगी गुरुद्वारे में,
करूंगी फरियाद मस्जिद में,
आपकी तरक्की के लिए।
मम्मी पापा का भी रखूंगी ख्याल बेशक,
पर,
ज़रा आप इजाज़त तो दीजिए,
आपका सब अपना तो कीजिए।
कुछ भी कुर्बान करना पड़े,
करूंगी मैं।
और नहीं जानती कि अंजाम - ए - मोहब्बत क्या होगा?
पर हां जब तक ये जिस्म-ओ-जान रहेगी,
आपके नाम की ही होकर रहेगी।

नयन निशा को भूल गई है

विजय भारती
बी.ए.दर्शनशास्त्र विशेष, प्रथम वर्ष

शाम शून्य को साथ मे लेकर...!!
कुपित काल को हाथ में लेकर...!!
जग से अब वो दूर गई है ...!!
नयन निशा को भूल गई है ...!!

कोई जाता मन में राम लिए
कोई आता संग में काम लिए
कहते दोनो विपरीत पग है ...!!
इस भ्रम को पाले ही जग है..!!
ऐसे उन्मादों के पल में ...!
वो सत्य से भी अब छुट गई है...!!
नयन निशा को भूल गई है...!!

वो नश्वरता को ध्यान किए है...!!
फिर भी कुछ अरमान लिए है...!!
जो स्वप्न निंद्रा में आती है ...!!
उस निंद्रा से अब चुक गई है...!!
नयन निशा को भूल गई है ....!!

तन भी मस्ती में झूम रहा ...!!
मन तृष्णा को है चूम रहा...!!
सुख के सत्यों को लेकर भी....
दर दर है बस वो घूम रहा ...!!
नियमित नेहों को पाकर भी ...!
घर से ही अब रूठ गई है ...!!
नयन निशा को भूल गई है...!!

क्या काल का भी होता कोई रूप..?
जो हो जाए वो किसी के अनुरूप....!
इस सत्य को क्यों माने कुरूप....?
यहीं है इस जग का मूल स्वरूप...!!
इन बातो से ह्रदय मृदुल ये... !
अपने ही हाथों टूट गई है ....!
नयन निशा को भूल गई है...!!

महाभोज उपन्यास : समकालीन राजनीति का जीवंत दस्तावेज

सोनू कुमार
बी.ए. हिन्दी विशेष, तृतीय वर्ष

महान लेखिका मन्नू भंडारी के महाभोज उपन्यास का प्रकाशन वर्ष 1982 माना जाता है। आलोचकों का यह मत है कि इस उपन्यास का केंद्रीय तत्व बिहार के बेलछी कांड पर आधारित है। जो 1977 में घटित हुआ, बेलछी कांड में दलितों और निम्न जातियों के लोगों के घर जला दिए गए थे ठीक इसी तरह महाभोज में भी इसकी खासी बानगी दिखलाई पड़ती है। महाभोज उपन्यास में सिर्फ तत्कालीन राजनीतिक दुराचारों की पोल का खुलासा ही नहीं बल्कि आज की राजनीति का पर्दाफाश भी हुआ है।

बीसू और बिंदा आदि अनेक लोगों द्वारा दलित उत्थान और दलितों में अधिकारों के प्रति जागरूकता आदि प्रसारित करने का पूर्ण प्रयास किया जाता है। किन्तु जोरावर और दा साहब जैसे दोहरे चरित्र के लोग बीसू और बिंदा की कोशिशों पर पानी फेर देते हैं, न सिर्फ पानी फेरते हैं बल्कि उन्हें खत्म करने का पूरा रोडमैप तैयार कर लेते हैं। आज भी अनेक बीसू और बिंदा समाज में दिखाई पड़ सकते हैं किंतु इसी तरह के जोरावर और दा साहब जैसे लोगों की भी कोई कमी नहीं है जो अनेक बीसू और बिंदा की दर्दनाक हत्या करवा देते हैं। राजनीति का अपराधीकरण और अपराधीकरण की राजनीति इससे भलीभांति स्पष्ट हो जाती है। समकालीन राजनीति में अनेक दा साहब जैसे नेताओं से आप रूबरू हो सकते हैं जिन का दोहरा चरित्र और दोहरा मुखौटा होना आम बात हो गई है। किस तरह दलित, शोषित, वंचित, पीड़ित आदि अनेक निम्न वर्गीय समूहों को वोट बैंक की राजनीति में घसीट कर मनुष्य से इतर मतदाता बनने की होड़ चल पड़ी है।

लोकतंत्र का प्रहरी और चतुर्थ स्तंभ कहा जाने वाला मीडिया किस तरह राजनेताओं के चंगुल में फंस जाता है और उनकी चरण वंदना और स्तुति करने में लगा रहता है इसकी बानगी महाभोज में भली-भांति देखी जा सकती है। समकालीन राजनीतिक परिदृश्य पर दृष्टिपात करने पर भी कुछ स्थिति परिवर्तित नहीं हुई है, बल्कि मैं तो ऐसा मानता हूं कि स्थिति और भी खराब होती गई है। आज भी अनेक दत्ता बाबू द्वारा मशाल जैसे अनेक अखबारों का संपादन किया जा रहा है और वह महिमामंडन और गाथा गाने की सुधीर परंपरा यूं ही आगे बढ़ रही है। जिस मीडिया को सशक्त विपक्ष माना जाता है उस मीडिया की चाटुकारिता हद दर्जे तक आगे बढ़ चुकी है। यह आरोप सिर्फ प्रिंट मीडिया को लेकर ही नहीं यह स्थिति इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक में कमोवेश ऐसी ही बनी हुई है, कुछ ही लोग ऐसे दिखलाई पड़ते हैं जो आज ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रहरी बने हुए हैं।

21 वीं सदी के दा साहब और दत्ता बाबू का मेल मिला अब किसी से छुपा नहीं है आज के संपादक मशाल जलाकर समाज में प्रकाश नहीं वरण समाज में आग लगाने का कार्य भली-भांति करना सीख गए हैं। उपन्यास के पात्र सक्सेना के व्यक्तित्व से स्पष्ट होता है कि पुलिस में सभी लोग भ्रष्ट नहीं होते, सक्सेना की संवेदनशीलता इस बात का परिचायक है कि आज भी पुलिस व्यवस्था में अच्छे लोग विद्यमान हैं पर आज भी अनेक लालची डीआईजी सिन्हा दिखलाई पड़ जाएंगे जो अपने प्रमोशन के लिए किसी को तबाह करने में संकोच नहीं करते।

जिस प्रकार उपन्यास में राजनीतिक रसूख और आतंक जोरावर का है ऐसे अनेक जोरावर गांव कस्बों में मिल जायेंगे जिन के लिए लोकतंत्र का मतलब है दहशतगर्दी और आतंक फैलाना, जिस प्रकार महाभोज में दा साहब दोहरे चरित्र के व्यक्तित्व के धनी दिखलाई पड़ते हैं ठीक उसी प्रकार धर्म का चोला ओढ़े आज भी अनेक नेता राजनीति में सक्रिय हैं जो धर्म का आवरण ओढ़ घिनौने से घिनौना कार्य करने से नहीं चूकते।

इस उपन्यास को आप भारत के किसी भी राज्य की राजनीति से जोड़कर देख सकते हैं आपको स्थिति समान ही दिखलाई पड़ेगी, सत्ता, मीडिया, पुलिस, तंत्र और जोरावर जैसे आतंकियों की गठजोड़ से जनता कभी मुक्त न हो पाई है। इस तरह के गठजोड़ जनता को मूर्ख बनाने में लगे रहते हैं, यह मूर्ख बनाने की प्रक्रिया किसी एक खास दल या सरकार में नहीं होती यह सतत रूप से चलती रहती है। राजनीतिक परिदृश्य की बात करें तो कमोबेश स्थिति जस की तस बनी हुई है, इस धमाचौकड़ी और कुचक्र में सक्सेना जैसे लोग उम्मीद की लौ जलाएं दिखलाई पड़ते हैं। आज के बीसू और बिंदा कब समाज के निम्न वर्गीय लोगों की आवाज को बुलंद कर पाएंगे यह कहना तो अत्यंत मुश्किल है।

आज के परिवेश में भ्रष्ट नेताओं द्वारा फैलाई गयी भ्रष्ट राजनीति के इस दुरंगेपन को लेकर रजनी गुप्त महाभोज के संदर्भ में लिखती है – "नेताओं की खोखली नारेबाजी, कुत्सित इरादे और दमघोंटू साजिशों की अंतहीन सच्चाइयों को पूरी बेबाकी से चीरते 'महाभोज' की प्रासंगिकता आज भी बहुत जरूरी हस्तक्षेप है जो चमकते-चिकने चेहरों को समझने के लिए सार्थक बयान करते हुए आमजन की विवशता और उनकी असहाय स्थितियों का जीवंत दस्तावेज बन जाता है।"

घर

अलका
बी.ए.हिंदी विशेष, तृतीय वर्ष

कि अबकी बार जब घर गई,
सुकून तो बेहिसाब था पर,
पिता की आंखें,
मानो अनेकानेक सवाल कर रही हों।
मां की ढेर सारी उम्मीदें,
जैसे सवाल कर रही हों।
पिता के वो मजबूत कंधे,
जिनपर बैठकर जहां देखा,
वो भी थक रहे हैं।

एक अजीब सी कुलबुलाहट,
कलेजे को चीर कर रख देती है।
मालूम पड़ता है कि पिता,
कई दिनों से सुकून से सो नहीं पाए हैं,
बच्चे के भविष्य को लेकर ऊहापोह है।
मां भी बांधती है मन्नतों के धागे,
रखती है उपवास,
सलामती की दुआ करती है।
दोनों ही डरते हैं,
कहीं उठा ना लूं कुछ गलत कदम,
पर फिर भी दूर भेजा है शहर से,
ताकि संवार लूं अपना आने वाला कल।

भू विज्ञान: एक खोज

आदित्य कुशवाहा
बी.एस.सी भू विज्ञान, प्रथम वर्ष

लोग कहते हैं कि उनकी किस्मत में पत्थर हैं,
पर हमने तो पत्थर को ही अपनी किस्मत चुना।
Minerologist, Petrologist, Climatologists
कितने ही नाम हैं हमारे, पर
In general, हम हैं GEOLOGIST नाम तो होगा ही सुना।।

कभी पहाडों कभी पठारों तो कभी नदियों से गुजरते हैं,
हम तो बस अपने मतलब की चीजे ढूंढा करते हैं।
कभी मिलती है अपने काम में सफलता
तो कभी लगता है हमें चूना,
In general, हम हैं GEOLOGIST नाम तो होगा ही सुना।।

इस टेक्निकल दुनिया में चट्टानों में सर मार रहे हैं,
कभी-कभी लगता है कहीं,
अपना फ्यूचर तो नहीं बिगाड़ रहें हैं।
फिर कोई इक ऐसा इन्सान मिल जाता है,
जो हमारे इस फैसले को सही ठहराता है।
तब हमें तसल्ली मिलती है कि
हमने नहीं किया है कोई गुनाह,
In general, हम हैं GEOLOGIST नाम तो होगा ही सुना।।

लोग तो बस दिनों, महीनों,सालों तक रिश्तें निभाते हैं,
हमारे तो "millions of year" बस
एक ईवेंट में बीत जाते हैं।
इस धरती के इतिहास और गहराई से जूझतें हैं,
अनंत ब्रह्माण्ड के रहस्यों को भी बूझते हैं।
तब हमें एहसास होता है कि हमने क्या खूब चुना,
In general, हम हैं GEOLOGIST नाम तो होगा ही सुना।।

क्या करे यार माँ तो माँ होती हैं

वरुण
बी.ए.हिन्दी विशेष, तृतीय वर्ष

दिल की सुंदर सूरत की माँ अनमोल होती है
अरे माँ तो एक प्यारी सी रूह होती है,
भोली तो बहुत पर
गुस्से में माँ शेरावाली का रूप होती है
क्या करे यार माँ तो माँ ही होती है,

हमें खाना ज्यादा खिलाती हो
माँ तुम खुद कम खाती हो
उस कम को भी तुम बांट कर खाती हो,
ना जाने माँ कैसे तुम
उस कम को भी ज्यादा दिखलाती हो
ये तुम कैसे कर लेती हो माँ
क्या करे यार माँ तो माँ ही होती है,

सारा दिन माँ तुम काम में लगी रहती हो
इस काम को तुम बिल्कुल भी नही जताती हो माँ,
हम भी जानते है माँ तुम मन ही मन
'हे भगवान हे भगवान' का नारा देती हो
फिर भी माँ हमारा सारा काम कर देती हो
तुम इतनी अच्छी क्यूं हो माँ
दिल यही सवाल करता है बस
क्या करे यार माँ तो माँ ही होती है,

खुद के बारे में कम हमारा ज्यादा सोचती हो माँ
लगता हैं माँ तुम सारा दिन सारी रात सोचती हो
माँ तुम तो हमारी एक छोटी सी
खुशी को भी अपना त्योहार समझती हो,
तुम माँ कैसे हमारे लिए
दुख में भी खुश रहने की कोशिश करती हो
क्या करे यार माँ तो माँ ही होती है,

पूरी ज़िंदगी माँ तुम हमे सवारती हो
हमारे सपनों को हमसे ज्यादा सज़ाती हो,
अपना ख्याल रखने का वक्त नहीं माँ तुम्हे फिर भी
उस वक्त में हमारा खयाल खास क्यूं माँ
आख़िरी सांस तक हमारा नाम क्यूं माँ,
क्या करे यार माँ तो माँ ही होती है......

ऐसा मानुष

जय प्रकाश
बी.ए. हिन्दी विशेष, तृतीय वर्ष

जब केवल सोना जगना ही जीवन की परिभाषा हो एक
नौकरी पा लेना ही मन भर की अभिलाषा होगली की
सैरो से जिसको आमोद विनोद मिले और सप्ताह की एक
छुट्टी में ही संपूर्ण प्रमोद मिले
दो-दो गज चलना ही जिसको रास सदा ही आता हो
स्वप्न रहित निद्रा लेकर ही जो जल्दी सो जाता हो
ऐसी बंद बोतल सा जीवन कौन कभी जी पाएगा
ऐसा मानुष मानुष होकर मानुष नहीं कहलाएगा

दूर सितारे देखकर जिसके नयन प्रफुल्लित नहीं होते
और किसी की पीड़ा में जो अश्रु संकलित नहीं होते
स्वयं का चिंतन मर जाता है दैनिक कालखंड में जब
इसकी उसकी सबकी परवाह मिट जाती घमंड में जब
जो संबंध बुना करता हो तानो की तुरपाई से,
पर केवल डर जाता हो आहट भर परछाई से
मुख मंडल पर हंसी रहेगी दांतो से मुस्काएगा
ऐसा मानुष मानुष होकर मानुष नहीं कहलाएगा

चेहरे भर की शोभा देखें मन का मोल लगाना पाए
अपने अंदर के भावों को जिव्हा से बतलाना ना पाए
बालक मन की उत्कंठा भी जिससे शांत नहीं होती
अनुचित गलत देखकर जिसकी देह क्रांत नहीं होती
मुट्ठी भर सपने हो जिसके फिर भी पूरे हो ना पाए
और विवशता इतनी हो कि कुछ भी और सहा ना जाए
उस मानुष को कौन सुनेगा कौन उसे अपनाएगा
ऐसा मानुष मानुष होकर मानुष नहीं कहलाएगा।

अब वो बचपन कहां रहा

जय प्रकाश
बी.ए.हिंदी विशेष, तृतीय वर्ष

कहां रहा अब वो बचपन कहां रहा!
बात–बात पर गुस्सा है वो समझाना कहां रहा
कहां रहा अब वो बचपन कहां रहा!

मिट्टी के घरों में खेलती हंसी
कंचों में कैद तराना था
हाथों की चोटें और छिले घुटने,
पेट दर्द का भी बहाना था
जिंदगी गलियों के मोड़ों सी,
यूं ही घरों में घुस जाना कहां रहा
कहां रहा अब वो बचपन कहां रहा!

खिलौनों के पीछे की ख्वाहिशें
मेलों में मन मतवाला था
जलेबी को घूरती लालच सी आंखें,
पर रूपियो का कहां ठिकाना था
बिजली के जाने पर हो-हल्ला होना
मोमबत्ती जलाना कहां रहा
कहां रहा अब वो बचपन कहां रहा!

वह बालू के टीले पर बंदर सा चढ़ना
नदी तालाबों में नहाना था
पढ़ाई की सनद किसे रहती,
पर बापू के डर से घर भी जाना था
मार पुरानी, डाली का झूला, कथा–कहानी
बच्चों को बताना कहां रहा
कहां रहा अब वो बचपन कहां रहा।

खुदीराम बोस

अंकित सिद्धांत
बी.ए.हिन्दी विशेष, प्रथम वर्ष

धन्य है वे जिन्हें मालूम है इस देश का इतिहास,
धन्य वे भी धरोहरों का कर रहे जो चतुर्दिक उपहास।
यह वक्त है प्रतिकार का,
आचरण के व्यवहार का,
जागृति के इहतिज़ार का,
पथ तो लंबी चौड़ी है,
मंजिल अभी अधूरी है।
कब तक पड़ी आग में संस्कृति इसी तरह अकुलाएगी,
किस अवसर की ताक में बैठे बन अवसरवादी हम,
चाहा तो यह था हमने प्रत्येक क्षण अवसर बन जाए,
लानत है उनकी भरी जवानी पर
जो सुख की नींद सो रहे,
लानत है उनपर जो कोटि कोटि बच्चों में गलत इतिहास बो रहे।
जब तक भोगी भूप प्रजा के नेता कहलाएंगे,
ज्ञान त्याग तप नहीं श्रेष्ठता का पद कब तक पाएंगे।
यह समाज जो बैठ गया है केवल अर्थ उगाने में,
सभी त्याग में भूल चुका है खाने और पकाने में।
कभी हुआ था इसी धरा पर,
नित्य कहा करते थे गुरुवर,
फिर उस जैसा कोई हुआ नहीं।
सहकर भी अपमान मनुजता की रक्षा करने वाला।
गुरुवर से एक दिन पूछा जब हम सब ने मिलकर।
ऐसा क्या उसने कर डाला,
गुरुवर का रुंधा गला,
आंखों में आ गया पानी,
बोले चलो सुनाऊं तुम्हें एक कहानी।

खुदी नाम था कहते उसका,
एक समय था कभी महाभयकारी।
चारों ओर लोभ की ज्वाला,
चारों ओर भोग की जय,
पाप भार से दबी धंसी जा रही,
संस्कृति पल-पल निश्चय।

वह था अद्भुत वीर,
बरस वही कोई अट्ठारह,

उसकी नहीं कल्पना कभी कनक,
वह तो उठा उज्वल चरित्र का कलाकार।

यूं ही नहीं उसे पूजता समूचा बिहार,
ध्येय उसका प्रतिकार था,
प्रतिकार, अन्याय का, अवशोष का,
धर्म के विरोध का,
खुद ही खुद में पुंज था,
वह क्रोध का,
वह धधक-धधक सा पदाघात,
वह दिग दिगंत का सिंहनाद,
वह प्रगति काल का शिलान्यास,
वह आह्वानों का महाकाव्य,
वह संकल्पों का युग चारण,
वह मसिमय असी का रक्तज्वार,
जिसका ऋणी समूचा मुजफ्फरपुर,
और प्रयाय पुरुष जो शोणित का,

मरता है केवल मर्त्य मनुज,
वह अमर कहां मर सकता है,
जिसने जेम्स अगस्तस के घर में,
घुसकर की गोलीबारी थी,
नहीं दूसरा देश ने देखा है ऐसा क्रांतिकारी वीर।
आज ह्रदय तब कहता है,
जब उनके वंशज केवल,
संवादों के शिलालेख पर,
शुभ संबोधन,
सजा सजा कर संबंधों के,
संधि पत्र पर केवल कर आडंबर,
एवं
वसनहीन मूर्ति का करते मंचन,
तब कहता हूं इन विभूतियों को समाज यदि नहीं पहिचानेगा,
व्यक्तितवो को जब तक मूर्तियों में ढालेगा,
वह पीढ़ी पैदा करता जाएगा,
वंशज कभी नहीं कहलाएगा।

पुस्तक समीक्षा

स्त्री के हक़ में कबीर

(लेखक : अनिल राय)

समीक्षक : नितेश कुमार पाण्डेय
एम.ए.हिंदी, प्रथम वर्ष

बीतें दिनों दरियागंज में स्थित हंस प्रकाशन जाना हुआ था। वहाँ से आदरणीय प्रो॰ अनिल राय की पुस्तक “स्त्री के हक़ में कबीर” प्रकाशित हुई है। कई दिनों से मन में था कि सर की पुस्तक पढ़ी जाए; लिहाजा वहाँ से मैंने ये पुस्तक ले ली। सर के स्वाक्षर से पूर्व मैंने कुछ पृष्ठों को पढ़ा था। बाद में सर के स्वाक्षर और आशीर्वाद के बाद ही इसे विधिवत रूप से पढ़ना शुरू किया।

इस पुस्तक को पूर्ण रूप से पढ़ लेने के बाद कुछ लिखने का मन हुआ, लेकिन हिम्मत नहीं हो रही थी कि इस पर कुछ लिखूँ। कबीर साहित्य पर मेरा उतना गहन अध्ययन नहीं है, फिर भी पं॰ हजारीप्रसाद द्विवेदी जी की पुस्तक कबीर पहले से पढ़ रखी थी, भीष्म साहनी जी का नाटक ‘कबिरा खड़ा बाजार में’ भी पढ़ रखा था।

रचयिता नामक संस्थान का एक वीडियो सामने आया जिसमें प्रो॰ रामेश्वर राय ने कबीर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की थी। बस इतने मात्र से इस पुस्तक पर कुछ लिखना मुझे काफी खटक रहा था, लेकिन मेरा जी नहीं माना।

साहित्य का मर्म वही समझ सकता है जो साधना और तपस्या का मूल्य समझे। मैंने कबीर को एक आलोचक के रूप में देखने का प्रयास किया है। जैसे एक आलोचक किसी कृति के गुण-दोषों का विवेचन और विश्लेषण कर उसके मर्म को पाठकों तक पहुँचाने का प्रयास करता है, ठीक वैसा ही व्यक्तित्व कबीर का भी है।

भक्तिकालीन कवियों में कबीर अपनी प्रगतिशील चेतना के लिए विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं कि पंद्रहवीं शताब्दी में कबीर का व्यक्तित्व सबसे शक्तिशाली एवं प्रभावशाली था। मुक्तिबोध ने इसी कारण कबीर को तुलसी की तुलना में अधिक आधुनिक भी माना है। कबीर को समग्रता में समझे बगैर लोगों ने उनकी स्त्री संबधी धारणा को लेकर घेरना शुरू कर दिया था। विमर्श के इस दौर में साहित्यकारों के भीतर नए ढंग से सोचने समझने की प्रज्ञा विकसित तो हुई परंतु कबीर के स्त्री के प्रति दृष्टिकोण की ओर नज़र बहुत कम गई। यह पुस्तक बहुत पहले तैयार हो चुका था।

लेखक इस इंतजार में था कि शायद कबीर पर नए ढंग से विचार करने वाली कोई पुस्तक सामने आए, परंतु किसी ने हिम्मत नहीं की। पुस्तक की आवश्यकता को समझते हुए लेखक ने हिम्मत की और कबीर पर पुनः विचार करने के लिए पाठकों को बाध्य किया। लेखक लिखता है, " कबीर स्त्री को माया और नरक का कुंड कहते हुए भी स्वयं अपनी अंतस्साधना में स्वयं स्त्री बन जाते हैं और अपने को राम की दुल्हिन और हरि की बहुरिया कहते हैं। इसके साथ ही वे प्रेमी-प्रेमिका की भाँति विरह और मिलन के आध्यात्मिक अनुभव के क्षणों का एहसास कराते हैं।" कबीर का यही व्यक्तित्व उन्हें एक आलोचक के रूप में स्थापित करता है। मध्यकालीन हिंदी साहित्य के भक्त कवियों में कबीर का स्थान यदि अन्यतम है तो इसका कारण है उनका खरापन, स्पष्टवादिता और सर्व समावेशी चेतना। अपने समय के समाज की ज्वलंत समस्याओं का चित्रण कबीर साहित्य में है, वैसा अन्य किसी कवि के साहित्य में कम ही दिखाई पड़ता है। कबीर जब धर्म के ठेकेदारों को चुनौती देते हैं तो उसका एक महत्त्वपूर्ण आधार है स्त्री। स्त्री के पक्ष से ही वे काजी से जिरह करते हैं और धार्मिक आडंबरों पर चोट भी करते हैं। सच तो यह है कि कबीर स्त्री की ओर से ही नहीं, बल्कि स्त्री की तरह बोलते हैं। कबीर पेशे से जुलाहे थे। समाज में जुलाहे की स्थिति वही है, जो स्त्री की। चाहे इस्लाम हो, चाहे हिंदू धर्म – दोनों ही जगह स्त्री और दलित की दशा एक-सी है। स्त्री के साथ कबीर के तादात्म्य का बुनियादी कारण यही है।

प्रस्तुत पुस्तक को लेखक ने अपने पिताजी को समर्पित किया है। संभवतः लेखक को इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा अपने पिताजी से ही मिली होगी। इस पुस्तक को लेखक ने कुल 126 पृष्ठों में समेटा है जिसमें 300 से अधिक संदर्भ मिलते हैं। इस दृष्टि से यह पुस्तक आकार की दृष्टि से थोड़ा छोटा, परंतु शोध और अध्ययन की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी साबित होता है। लेखक ने चार अध्यायों के माध्यम से यह साबित करने का प्रयास किया है कि कबीर स्त्री विरोधी नहीं बल्कि स्त्री के हक़ में खड़े दिखते हैं। यद्यपि इस पुस्तक में कई स्थानों पर प्रूफ-रीडिंग की समस्या दिखाई दी जिसे मैंने अपनी पुस्तक में पेंसिल से घेरा भी लगा दिया है।

कबीर के दृष्टिकोण को समझने के लिए भक्ति-आंदोलन की पृष्ठभूमि, इसके उद्भव और विकास, कबीर कालीन समाज और स्त्री, कबीर-साहित्य में स्त्री और उसके विविध रूपों को भी समझना अत्यावश्यक है।

कबीर पर चर्चा करने से पूर्व मेरा प्रश्न ये है कि कबीर किसके हैं? कुछ लोग कहते हैं कि कबीर अनुसूचित जाति के हैं, कुछ लोग कहते हैं कि वे अनुसूचित जनजाति के हैं, कुछ लोग कहते हैं कि वे अन्य पिछड़े वर्ग के हैं, कुछ लोग कहते हैं कि वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं के हैं या दलितों के हैं। हम सबके बीच भी एक कबीर दिखाई देते हैं; कैंपस में गुरु और शिष्य के रूप में, सड़कों पर फ़क़ीर के रूप में, दुकानों में जुलाहा के रूप में, और हम सब भी अपने भीतर अपने कबीर को देख सकते हैं। हम जिस कबीर की बात कर रहे हैं वह मनुष्य है। कबीर को मूलतः संत तथा दलित चेतना के कवि के रूप में देखा जाता है। सवाल यह है कि दलितकौन है? इधर एकतबका दलित को किसी वर्ग, वर्ण या जाति विशेष से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। परंतु, मेरा मानना है कि दलित का कोई वर्ग, वर्ण या जाति नहीं होती। कोई भी व्यक्ति चाहे वो किसी भी वर्ग, वर्ण या जाति का हो यदि वह दबा हुआ है, शोषित है, पीड़ित है, उपेक्षित है, समाज के मुख्यधारा में नहीं है तो वह दलित है। इस बात का उल्लेख करने का उद्देश्य केवल यही था कि भक्ति आंदोलन जिसका उद्भव दक्षिण भारत से माना जाता है, इसे जनांदोलन बनाने में सभी वर्गों, वर्णों, जातियों और संप्रदायों का योगदान रहा है जिसमें पुरुषों के साथ स्त्रियाँ भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लीं। इस भक्ति आंदोलन को व्यापक फलक प्रदान करने का काम कबीरदास जी ने किया, जैसा कि वे कहते हैं;

"भक्ति द्रविड़ उपजी, उत्तर लाए रामानंद
प्रगट कियो कबीर ने, सप्तद्वीप नवखंड"

भक्ति का जो सोता दक्षिण की ओर उपजा था, उसे उत्तर में लाने का काम रामानंद ने किया। कबीर ने उसे सातों द्वीप और नवखंड यानी पृथ्वी के नौ खंडों में अवतरित कर दिया।

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने भक्ति-आंदोलन के उद्भव के साथ इसके लोकोन्मुख पक्ष भी हमारे सामने रखा है जिसके अंतर्गत वे प्रमुख अलवार संतों के योगदानों पर चर्चा करते हैं। भक्ति आंदोलन का बीज तैयार करने में आलवार भक्तों का बहुमूल्य योगदान है जैसा कि लेखक ने कहा है कि "यह सर्वमान्य तथ्य है कि आलावर दक्षिण के भक्ति आंदोलन के पुरोधा हैं।" उत्तरी भारत में, महिला संतों को 'पागल' और 'बेशर्म' माना जाता था और उन्हें अपने जीवनकाल में पहचान नहीं मिली। हालांकि, दक्षिण भारत की स्थिति उत्तर भारत की स्थिति के बिलकुल विपरीत थी। उपमहाद्वीप के दक्षिणी भाग में, महिला संत उत्पीड़न और भेदभाव के माहौल में उभरी, एवं महान विदुषी एवं विचारक के रूप में

प्रतिष्ठित हुईं।

प्रमुख आलवारों में महिला संत आंडाल का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह विश्वास करना कठिन है कि एक ऐसे युग में जब महिलाएं रेशम के पर्दे और अपने घरों की कंक्रीट की दीवारों के पीछे कैद थीं, अक्का महादेवी जैसी एक प्रमुख महिला संत – नग्न संत मौजूद थीं, जो वास्तव में दक्षिण में संतों की वीरशैव परिषद की एक प्रमुख सदस्य थीं। कहने की यह आवश्यकता नहीं कि दक्षिण भारत में जो भक्ति आंदोलन चल रहा था उसमें सभी वर्गों का योगदान रहा, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं।

लेखक ने शंकर के अद्वैतवाद और रामानुज के विशिष्टाद्वैत में अंतर को बारीकी से रेखांकित किया है। आगे वे रामानुज के व्यक्तित्व पर गहरा प्रकाश डालते हैं, जिनके प्रयासों से अवरुद्ध से पड़े भक्ति मार्ग को एक नई दिशा मिलती है।

रामानंद जी के चर्चा से पूर्व लेखक ने राघवानंद जी, जो रामानंद के गुरु थे, उनके योगदान पर प्रकाश डालना उचित समझा, जिनका उल्लेख आचार्य रामचंद्र शुक्ल अपने हिंदी साहित्य के इतिहास में करते हैं। राघवानंद जी ने भक्ति-आंदोलन को दक्षिण से उत्तर में ले जाने का सेतुवत कार्य किया। रामानंद ने जिस भक्ति-आंदोलन को व्यापक लोकभूमि प्रदान की, उसमें राघवानंद जी की भूमिका कम नहीं थी। इन्होंने भक्ति- भावना के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अपने संप्रदाय के सिद्धांतों की रक्षा पर भी विशेष बल दिया। किंतु रामानंद के उपरांत संप्रदाय के सिद्धांतों की अपेक्षा जनता की पीड़ा को पहचानने और उसके हृदय में भक्ति के संचार के ऊपर ही विशेष ध्यान दिया गया।

लेखक रामानंद जी के व्यक्तित्व व साधना पर प्रकाश डालते हुए कबीरदास से पूर्व अनंतानंद, धना, पीपा और संत रैदास की चर्चा करता है। कहने की ये आवश्यकता नहीं कि ये कबीर के समकालीन ही थें।

लेखक कबीर कालीन समाज और स्त्री की चर्चा करते हुए तत्कालीन राजनीतिक स्थिति, धार्मिक स्थिति, मूर्ति-पूजा, आर्थिक स्थिति, साहित्यिक स्थिति से अवगत कराते हुए धर्मग्रंथों में नारी और शूद्रों का सह-उल्लेख करता है। इसके पश्चात वह सामंतवाद में स्त्रियों की दशा का वर्णन करते हुए "ढोल गँवार शूद्र पसू नारी" प्रसंग को हमारे सामने लेकर आते हैं। वस्तूतः यह मान लिया गया कि कवि के अनुसार सारी नारी-जाति उसके लिए भर्त्सना का पात्र हैं। यह दृष्टि काफी संकुचित और एकांगी है। सर्वप्रथम ताड़ना शब्द का अर्थ समझना अत्यावश्यक है। प्रो० रामनारायण शर्मा और प्रो० ए.के. मिश्रा जी से इस संदर्भ में मेरी बातचीत हुई थी जिसमें उन्होंने बताया था कि ताड़ना शब्द मूलतः अवधी और भोजपुरी का शब्द है, जिसका अर्थ पहचाना, परखना, कल्याण करना या उद्धार करना होता है। यह विद्वानों द्वारा मान लिया गया कि "ताड़ना" शब्द का अर्थ शोषित या प्रताड़ित करना होता है। परंतु वे अर्थ की गहराई तक नहीं पहुँचे। दूसरी बात ये कि "शूद्र गँवार" वाली बात समुद्र के मुख से कहलाई गई है जो नीचता और जड़ता के प्रतीकार्थ का द्योतक है। तुलसी अगर नारी-निंदक होते तो उसी पराधीनता को लक्ष्य कर यह न कहते:

कत विधि सृजी नारी जगमांही।
पराधीन सपनेहुँ सुख नाँही।

लेखक कबीर-साहित्य में स्त्री और उसके विविध रूपों का वर्णन करता है। कबीर माया का साधन,साधना में बाधक, दुराचारिणी और व्यभिचारिणी स्त्री की निंदा करते हैं। परंतु वे सदाचारिणी नारी, पतिव्रता, विरहिणी, प्रिया, सुहागन, सती, कन्या और माता के रूप में स्त्री की उससे अधिक प्रशंसा करते हैं। कबीर कहते हैं कि पतिव्रता स्त्री अगर काली, कुचिल और कुरूप है तब भी उस पर करोड़ों सुंदरियों को न्यौछावर किया जा सकता है;

"पतिबरता मैली भली, काली, कुचिल, कुरूप।
पतिबरता के रूप पर, बारौं कोटि स्वरूप ।।"

पतिव्रता नारी मैली क्यों न हो, उसके गले में कांच की गुड़िया ही क्यों न पड़ी हो, फिर भी अपनी अन्य सहेलियों में वह उसी प्रकार देदीप्यमान होती है जिस प्रकार सूरज और चंदा की ज्योति;

"पतिबरता मैली भली, गले काँच को पोत।
सब सखियन में यों दिपै, ज्यों रवि ससि की जोत ।।"

कबीर समदर्शी थें। वे समाज में स्त्री–पुरुष सबको एक समान देखना पसंद करते थे। इसलिए जहां उन्होंने स्त्रियों को पतिव्रत्य और सदाचार के लिए प्रेरित किया, वहां भ्रमरी वृत्ति वाले पुरुषों के लिए भी पत्नी व्रत धारी होने का संदेश दिया। पर नारी के साथ संलग्न होने की कबीर ने इसलिए निंदा की है। उनकी धारणा है कि पर नारी में अनुरक्त होने में बुराई है, अच्छाई नहीं। नदी के मधुर जल के साथ बहने वाले कितने ही मत्स्य अंततोगत्वा समुद्र के खारे जल में चले जाते हैं।

"पर नारी कै राचणै, औगुण है गुण नाँहि।
षार समंद मैं मंछला, केता बहि बहि जाँहि।।"

कबीर के अनुसार पर स्त्री के साथ अनुरक्ति छिपती नहीं है, वह लहसुन की गांठ के समान है। लहसुन खाने वाला व्यक्ति अगर छिपकर भी खाता है तो उसकी गंध प्रकट हो जाती है, उसी प्रकार पर नारी में अनुरक्त व्यक्ति अपने दोष के लक्षण किसी न किसी रूप में अवश्य प्रकट कर देता है;

"पर नारी का राचना, ज्यूं लहसून की खान।
कोने बैठे खाइये, परगट होय निदान।।"

इस प्रकार हम देखते हैं कि कबीर ने पर नारी निंदा पुरुषों की काम वासना की प्रवृत्ति को रोकने के लिए किया है। कबीर संवेदना के गहनतम धरातल पर स्वयं नारी की वाणी बोलने लगते हैं, प्रेम के समूचे प्रसंग को नारी की निगाह से देखने लगते हैं और विरह की व्यथा को स्त्री की तरह महसूसने लगते हैं। कबीर के कई ऐसे

पद हैं जो शुद्ध प्रेम के पद हैं और जिनमें दांपत्य के रूपक बार बार आते हैं;

"बालम, आवो हमारे गेह रे।
तुम बिन दुखिया देह रे।
सब कोई कहे तुम्हारी नारी, मोकों लागत लाज रे।
दिल से नहीं दिल लगाया, तब लग कैसा सनेह रे।
अन्न न भावै नींद न आवै, गृह-बन धरै न धीर रे।
कामिन को है बालम प्यारा, ज्यों प्यासे को नीर रे।
है कोई ऐसा पर-उपकारी, पिव सों कहै सुनाय रे।
अब तो बेहाल कबीर भयो है, बिन देखे जिव जाय रे॥"

कबीर ने सती स्त्रियों का नाम बड़े आदरपूर्वक लिया है तथा उनकी प्रशंसा साधु, शूर और भक्त की भांति की है। सती नारियों की प्रशंसा कबीर ने संभवतः दो कारणों से की होगी। प्रथम कारण तो यह कि पुरुषों की विलासिता की प्रवृत्ति को रोकने के लिए और द्वितीयतः इसलिए कि तत्कालीन समाज में वेश्यावृत्ति की प्रवृत्ति भी जोरों से चल पड़ी थी, जिसके कारण समाज की सदाचारिणी स्त्रियों की दशा अत्यंत सोचनीय हो गई थी। इस विसंगति को लक्ष्य कर कबीर ने कहा-

"सतवंती को गजी नहीं मिले, वैश्या पहरे खासा है।
सो घर साधु भीख न पावै,भड़वा खाए बताशा है।।"

कबीर मां का जैसा चित्र खींचते हैं वैसा किसी सगुण भक्त कवि के यहां भी नहीं पाया जा सकता है।

लेखक लिखता है, "नारीत्व की सर्वाधिक सफलता माता के रूप में ही है। संसार के किसी भी देश में उसके मातृत्व रूप की प्रशंसा की गई है। भारतीय वांग्मय में तो माता को उसके अन्य रूपों की अपेक्षा सबसे अधिक महत्व दिया गया है।" कबीर को स्त्री का मातृत्व रूप सर्वाधिक प्रिय रहा है। "संभवतः यही कारण है कि उन्होंने इस रूप की अभिव्यक्ति करने के लिए ईश्वर को अपनी मां, तो स्वयं को उनके पुत्र रूप में देखकर मां की सारी ममता को उड़ेल दिया है।"

"हरि जननी मैं बालिक तेरा, काहे न औगुण बकसहु मेरा॥टेक॥
सुत अपराध करै दिन केते, जननी कै चित रहै न तेते॥
कर गहि केस करे जौ घाता, तऊ न हेत उतारै माता॥
कहैं कबीर एक बुधि बिचारी, बालक दुखी दुखी महतारी॥"

इस प्रकार लेखक कबीर के नारी विषयक समग्र दृष्टिकोण का विश्लेषण करते हुए कबीर के नारी विषयक कथ्य एवं सदृश्य-विधान पर चर्चा करता है। अंततः लेखक यह स्थापित करता है कि कबीर स्त्री विरोधी नहीं है बल्कि स्त्री के हक़ में खड़े होते दिखते हैं। कबीर ने स्त्री के जिस रूप की निंदा की है उसमें किसी न किसी रूप में लोकमंगल की भावना निहित है। दरसल, कबीर जहाँ निंदा करते दिखाई पड़ते हैं उन प्रसंगों और संदर्भों को ठीक-ठीक पहचान करने की आवश्यकता है। लेखक के ही शब्दों में कहें तो यदि युगीन संदर्भों को ध्यान में नहीं रखा जाएगा तो कबीर क्या भक्ति-साहित्य के अधिकांश रचनाकार स्त्री-विरोधी दिखेंगे। फिर यह आरोप कबीर पर ही क्यों?

स्त्री के माया और कामिनी रूप के बहाने जिस काम भावना को कबीर साधना के मार्ग में बाधक मानते हैं, उसी काम भावना के रूपक को अपनी भक्ति और प्रेम की अभिव्यक्ति का माध्यम भी बनाते हैं। कबीर अपनी कविता में न सिर्फ स्वयं स्त्री बन जाते हैं बल्कि अपने आराध्य और प्रियतम के साथ एकमेव एक होकर एक ही सेज पर सोने की बात भी करते हैं। इसके अलावा कबीर 'हरि मोर पीव, मैं राम की बहुरिया' 'न हौं देखूं और कुं, न तुझ देखन देऊं', 'तन रति करि मैं, मन रति करिहौं' आदि जैसे पद भी लिखते हैं। नारी के कामिनी रूप की निंदा करना और फिर स्वयं नारी बनकर भक्ति करना, इसमें गहरा द्वंद्व और अंतर्विरोध दिखाई पड़ता है। कबीर के विशेषज्ञ डॉ० पुरुषोत्तम अग्रवाल इसे कबीर के संस्कार और उनकी संवेदना का द्वंद्व मानते हैं। संस्कारवश कबीर नारी की निंदा करते हैं लेकिन अपनी संवेदना की अभिव्यक्ति में स्वयं नारी बन जाने में भी उन्हें कोई आपत्ति नहीं। संस्कार और संवेदना का यह द्वंद्व ही कबीर को बड़ा कवि बनाता है। डॉ० पुरुषोत्तम अग्रवाल ने अपनी पुस्तक 'विचार का अंत' के एक लेख में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है- "कबीर की नारी संबंधी दृष्टि में फांक इसलिए सर्जनात्मक है कि यहां हम संस्कार का रूप ले चुके विचारधारा के सामने सहज मानवीय संवेदना और बोध को पूरी तेजस्विता के साथ खड़े होते देखते हैं।"

इस चर्चा के बाद शायद हमें दिखाई पड़े कि कबीर में विश्व-मानवता और 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की भावना अंतर्निहित थी। इस पुस्तक का समीक्षक भी मानता है कि कबीर ने प्रेम और मानवता का संदेश दिया है। इस सृष्टि को यदि कोई बचा सकता है तो वह प्रेम और मानवता ही है। मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है और प्रेम धर्म से भी ऊपर है।

स्त्री संबंधी विषयों को लेकर कबीर एवं अन्य भक्तिकालीन कवियों पर लगाए रहे आरोप केवल इस बात से ही धूल जाते हैं कि संपूर्ण भक्तिकाल के कवियों में गुरु नानक देव को छोड़कर अन्य सभी कवियों ने स्त्री के किसी न किसी रूप की निंदा अवश्य की है। अतः यह आरोप कबीर पर लगाना बेबुनियाद है।

प्रख्यात आलोचक रामस्वरूप चतुर्वेदी जी ने कबीर की प्रशंसा में लिखा है, "कबीर की रचना में कितने रंग हैं- अक्खड़ समाज चेता का, कटूक्तिकार का, एकदम भाव-विभोर होकर आत्मसमर्पण का, गहरी रहस्य चेतना का, प्रेम के तन्मय भाव का और चरम वैराग्य का, इन सभी रंगों में उनकी कला सक्रिय है और पूरी तरह संश्लिष्ट- इतना वैविध्य काम रचनाकारों में मिलेगा। जाहिर है, इसलिए फुटकर पद और दोहे लिखकर बिना महाकाव्य लिखे वे हिंदी में महाकवि हैं।



सारिका साहू
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष


इशिका किशोर
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

इशिका किशोर
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

सारिका साहू
बी.ए. हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

सारिका साहू
हिंदी विशेष, तृतीय वर्ष

तनिष अरोरा
बी.ए. हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

ENGLISH SECTION

Editorial Board

Dr. Prachee Dewri
Dr. Santoshi B. Mishra
Dr. Uplabdhi Sangwan

Student Editors

Aditi Gupta
Sharbani Garg
Kaavya Kapoor
Sanjivanie Bhalla
Arushi Sethi
Anushka Nanda
Rashika Singh

INDEX

1. GANA SANGHAS / RAHUL-- 37
2. DEVELOPING EMOTIONAL FIRST AID / JASMEHAR KAUR ---------------------------- 39
3. POEM / ANUSHKA NANDA-- 40
4. WATER / GULSHAN SANA -- 40
5. SHORT STORY / OM MAHESWARY -- 41
6. HOMESICKNES, NOT A WEAKNES / GUNJAN PAREK --------------------------------- 41
7. THE ONE / ABHIRAJ PARI HAR -- 43
8. ETHICAL DILEMAS AND MORAL CONFUSION DURING COVID-19 PANDEMIC / CHAITANYA SHARMA -- 44
9. BEING AND NOTHINGNES / SALONI BANSAL-- 46
10. POEM / DOLLY SONI--- 46
11. POEM / RASHIKA SINGH --- 47
12. FRIENDSHIP / ASTITVA SINGH -- 47
13. REMEMBRANCE / HIMANI SHARMA-- 48
14. RAISE HELL OR BEND HEAVEN / R. HARINI -- 49
15. LAND OF ICE / ANKIT SINGHANIYA -- 50

GANA SANGHAS

RAHUL
B.A. Programme, II Year

The Athenian democracy of ancient Greece and the ancient Roman Republic have served as models for democratic countries around the world. While India became the world's largest democracy on August 15th, 1947, few realize that India had its own tradition of ancient democratic republics more than 2,500 years ago. These polities, known as 'Gana Rajya' or 'Gana Sangha', give us a fascinating glimpse into political life in ancient India.

It was during the 'Second Urbanization' in North India, around 600 BCE, that a number of city-states, republics, and monarchies came into existence. Noted Banaras Hindu University historian, Prof Anant Sadashiv Altekar, in his book State and Government in Ancient India (1949), writes about how the earliest references to a semblance of democratic rule can be found in the Aitreya Brahmana section of the Rig Veda, in which there are references to 'Sabha' (Council) and 'Samiti' (Committee) electing chieftains.

According to Prof Altekar, most of the early republics and city-states were located in the Northwestern part of India. A passage in the Aitreya Brahmana of the Rig Veda states that the people in the vicinity of the Himalayas, like the Uttarakurus and the Uttaramadras, had a 'Virat' (Kingless) type of state. These city-states are said to have survived until the invasion of Alexander of Macedonia in 325 CE. Contemporary Greek historian Arrian of Nicomedia writes about how when Alexander and his army arrived at the city of 'Nyasa' somewhere in the Gandhara region of today's Pakistan, the 'President' of the city along with his 30 deputies went to meet him to discuss the terms of surrender.

In fact, Greek chroniclers emphasized the different forms of government they encountered in Punjab then. In the Greek chronicles, while the famed Porus has been described as a 'king', the city of Nyasa was ruled by an aristocracy. There is a reference to a tribe called 'Sabaracae', where according to the Greeks, 'the form of government was democratic and not regal'. Prof Altekar believes that references to 'Gramas' on the banks of the Indus River in the Mahabharata corroborate the existence of city-states in this region.

Historian Dr. K P Jayaswal extensively studied the political system in ancient India through references in Hindu religious texts such as the Mahabharata and the Rig Veda, and published them in his book Hindu Polity - A Constitutional History of India in Hindu Times (1924). While the Mahabharata, as we know today, evolved only around the 5th century CE, with verses and chapters being added over time, it is a rich source of information on the life and politics in ancient times.

For example, in the Shanti Parva section of the Mahabharata, Bhishma tells Yudhisthira about republican states referred to as 'Gana-Sanghas' known for their successful foreign policies, full treasury, standing army, skills in wars, good laws, and discipline. Based on his studies, Dr. Jayaswal also believed that Lord Krishna was actually the Chief of the Andhaka-Vrishni Sangha of the Yadavas, which was actually a democratic republic of four tribes named Vrishni, Andhaka, Kukura, and Bhojaka. It had political factions or parties called Vargas in their General Assembly.

In fact, in the Shanti Parva section of the Mahabharata, Lord Krishna has been mentioned as Sangha Mukhya, which could be translated as 'Head of the Council'. In this chapter of the Mahabharata, there is a reference to a conversation between

Krishna and Sage Narada, which tells us about how the Assembly worked. The Yadava Assembly had two opposing factions led by Ahuka and Akrura, respectively, who respected Lord Krishna as their leader but mistrusted each other. Lord Krishna had a hard time building consensus between the two. In his conversation with Narada, Lord Krishna compared himself to a mother who is torn between two sons gambling with each other. Narada was concerned their union would fall apart if consensus was not built and advised Lord Krishna to use sweet words to bind the factions together.

Types of Republics and How They Functioned

Interestingly, details of how the republics of ancient India functioned can be found in Buddhist canonical literature and the Sutras. Historians Jagdish P Sharma and A L Basham studied each of these republics in their book Republics in Ancient India c 1500 BC-500 CE (1968).

According to Sharma and Basham, there were two types of republican states. Some were unitary while some were a union or confederation of many republican tribes. States like Shakya, Koliya and Moriya followed a unitary republican model, while states like the Andhaka-Vrishni Sangha, and the Vajji Union were a federation of republican tribes. Most of these states were located in the foothills of the Himalayas and in the northern region of Bihar.

The Shakyas were a republican state, located on the present-day Indo-Nepal border, to which Gautama Buddha belonged. He was born Siddharth Gautama, son of the republic's president Suddhodana. The Shakya Council known as Santhagara had 500 members and their leader bore the title of 'Raja'. The most important and powerful republic during the time of Buddha was the Licchavi republic and Vajji Union which it formed, which again covered parts of Nepal and the present-day Tirhut division of Bihar.

The Vajji were a union of republics comprising the Vaidehas, Licchavis, Nayas and Mallas. Of these republics, the Licchavi was the most dominant. Their Assembly consisted of 18 members, of which nine alone were from the Licchavis. Their capital was in the city of Vaishali and they elected a President (Raja), Vice-President (Upa-Raja), Defence-Chief (Senapati), and Treasurer (Bhandargarika). Individually, the Licchavi also had their Assembly, with 7,707 members, probably from the founding aristocratic families. How these Ganas functioned is mentioned in the contemporary Buddhist text known as the Mahavagga, which also shows how similar these ancient republics were to modern democracies. Members of the Assembly voted via ballots, and a political whip called Ganapuraka was appointed to make sure voting was done correctly. Another officer called Salaka Grahapaka was entrusted with impartially collecting these votes. Voting was done either secretly, through whispering, or by the open method.

These ancient republics did not follow the strict social code of the Varna system of the Vedic religion. The Manusmriti refers to the Licchavis and Mallas as Vratya Kshatriya, while Satvata (Yadavas) as Vratya Vaishya. Vratyas were those who deviated from Vedic orthodoxy.

Society in these republics was divided into two classes. The first were citizens of the tribe called Kshatriya-Rajakula, who owned lands and had voting rights. The second were Dasa-Karmakara, who were landless labourers who tilled the land for the owners and had no voting rights. In some cases, citizenship had been extended to outsiders. We come across terms that distinguish a native citizen from an assimilated outsider. A Kshatriya member of the Malava Gana was referred to as Malavah, while a non-Kshatriya, non-Brahmin was referred to as Malavya. Similarly, a non-Kshatriya member of the Kshudraka Gana was called Kshudrakya. When Ajatshatru's Brahmin minister Vassakara came to the Vajji capital of Vaishali as a refugee, he was given a judgeship in the city.

By the 5th century BCE, most of the republican states began to disappear. The rising power of Magadha meant that these states were conquered, one after the other, and incorporated into the Magadha kingdom. According to the Mahabharata and Arthashastra, the reason for their downfall was their inherent weakness due to their lengthy decision-making process and mutual disagreements.

Democratic Republics in Modern Context

Centuries later, when India, Sri Lanka, Bangladesh, and Nepal became republics, they named their nations Ganarajya, Janatantra, and Ganatantra, keeping up with the legacy of ancient Gana-rajyas and Gana-sanghas. While the ancient republics give us a fascinating glimpse into the democratic polities of those times, one must be mindful of the words of Prof. Sharma and Basham, who warn: "It is a serious mistake on the part of the student of ancient political institutions to interpret ancient terms in modern context," but the concept of culture overrules it as an evolutionary factor.

DEVELOPING EMOTIONAL FIRST AID

JASMEHAR KAUR
B Sc (Hons) Computer Science, I Year

Whenever the human body finds itself in the throes of a malady, we promptly rush it to the doctors and find a hundred different treatments at our disposal. For bruises all big and small, the first aid kit with band-aids and antiseptic among other things is never too far. Most of us did have the preparation of this first aid kit in our academic curriculums itself, and almost ritualistically, we even followed it.

But unfortunately, the first aid we all have always been taught about is next to useless for treating the blisters and bruises on our hearts and minds. The contusions of the mind can't be magically cured with an antiseptic applied with the cautious finger of time. Even then, the first aid of the mind remains to this day, a taboo.

The internet defines emotional first aid as "a set of unique practices, behaviors and creative interventions designed to comfort, support, and bring relief to your own body, mind, heart, and soul and that of the people in need in particularly challenging times".

Suicide caused an average of 381 deaths daily in 2019 in India, with a total of 1,39,123 fatalities over the year, according to the latest National Crime Records Bureau (NCRB) data. According to another report, the total deaths across the globe due to the same were around 8,00,000. These alarming statistics and our country's enormous share in this number elucidate very well the importance of addressing the issue of mental health and developing emotional first aid.

Life is like that beautiful rose, the beauty and fragrance of which exhilarate us, but its sharp thorns can also be the cause of great pain; it can't all be sunshine and butterflies. Distress from interpersonal or intrapersonal conflicts, failure and the fear of it, financial issues among other things, can take a toll on our mental health. Keeping all this in mind, the psychologist Guy Winch has laid out several simple and useful methods to practice emotional first aid at the time of crises in his famous book, "Emotional First Aid: Practical Strategies for Treating Failure, Rejection, Guilt, and Other Everyday Psychological Injuries". He believes, and other psychologists agree, that one of the first and most important things to do is to identify the emotional pain. It is essential that the distress gets

identified and accepted before it becomes severe and causes brutal injuries to the heart and the mind. The other ways mentioned by him include practicing self-compassion when one is feeling low, not letting excessive guilt linger and distracting oneself by engaging in activities that require high concentration. Psychologists recommend a number of methods to ameliorate one's mental state in times of intense worry, distress and anxiety. From deep breathing to thinking of one's happy place, from focusing on a particular thing and meditating, to talking to some loved one, it is necessary to educate oneself about various techniques that can be used as first aid when tough times strike. Furthermore, when one is with people who need emotional first aid, it is important to listen to them and let them express themselves.

However, listening to them doesn't mean coercing them into telling the details they don't wish to share. One should try to calm them down and support them in whatever way possible.

Apart from all this, the most important thing is to reach out and seek help. If we can run to our doctors due to fevers and fractures and other physical injuries, we should also be able to reach out to psychologists and psychiatrists when the tyrannies of the world take a toll on our mental health.

Source: ideas.ted.com, www.anniewright.com, www.medicalnewstoday.com

POEM

ANUSHKA NANDA
BA (Hons) English, I Year

(An English sonnet)
Slender fingers, great burden- bear, wonder
Dying on, in holy matrimony;
When stakes of chastity rip asunder-
The grand notes of divine harmony.
Divinity against itself, warring-
Bared prodigal flesh to fire's death song;
Innocent proof, in evidence charring,
Un-criminal retying of threads strong.

Graceful mother of odd children uncouth,
The queen of all life, unrenewed.
The keeper of all the pain, all through youth-
Through death and decay, dirt's daughter new.
Ram, Sia-Ram, Sia-Ram, Jai Jai Ram.
Ram, Sia-Ram, Sia-Ram, Jai Jai Ram.

WATER

GULSHAN SANA
B Sc (Hons) Zoology, I Year

They threw dirt in me
But I kept flowing.
Their shit made me black
But I kept flowing.

They Killed so many lives I carry
But I kept flowing.
They made me look scary
But I still kept flowing.

They repeatedly wasted me
But I kept flowing.
They took me for granted
But I kept flowing.

Once when my patience
Could not hold anymore,
My anger turned into tsunami
And they shivered from my roar.

Thousands I killed
Millions I hurt.
I took away their everything
And bought them back to dirt.

Yes I did a bad act,
But that was the end of my suffering
I am both good & evil
You chose your side
And Let Karma do the rest.

SHORT STORY

OM MAHESWARY
B Sc (Hons) Mathematics, I Year

I developed stammering at the age of six. For years, my parents were unaware that I had a problem with my speech delivery. They thought my difficulty in speech would go away with growing up. However, when my friends began noticing the interruption in the flow of my speech, I realized it was abnormal to get stuck with words frequently. It was then that my parents got me into a 6-month long speech therapy to gain control over my speech. I could speak slowly over time, but my condition worsened when I was in the 9th class. It made my remaining school life horrible. I had been regularly bullied, ridiculed, and teased for the way I spoke.

My teachers thought I could not answer their questions because I was lagging in my studies, but in reality, I did not speak because my words took too long to come out. Instead of trying to understand my speaking disability, they made me stand outside the classroom for my delayed responses which was intensely humiliating. There were days when I had palpitations, and I felt invisible strings from the throat tying my tongue whenever I was asked to speak or read aloud to the class. So, I would skip those days with excuses or bunk the classes. I would even sit in the back rows during class hours to avoid getting noticed. When I tried to join my peers in their conversations, I felt utter embarrassment, merely talking to them and yet tripping over my words. They made nasty expressions and awful sounds after my slip-ups.

Stammering not only affected my flow of speech but also my flow of life. It affected my self-confidence, self-esteem, and life experiences. However, once I came across the fact that even Hrithik Roshan had to battle against stammering for 22 years and he defeated this major hurdle in his life, I was motivated. I thought if he could, then I would too. I realized I needn't be so hard on myself. With my parent's love and support, I began my speech therapy again, trying to articulate and speak effectively. It's not easy, but I have learned to accept myself and directed all my efforts to resolving my speech problem. Difficulties are not over for anyone, it just depends on how we deal with them and, I'm learning not to allow stammering to define me.

HOMESICKNESS, NOT A WEAKNESS...

GUNJAN PAREEK
BA (Programme) I Year

